बिलासपुर, गुरुवार 26 जून 2025 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






कैनेडी स्पेस सेंटर से भरी उड़ान

चावल और आम भी पहुंचे अंतरिक्ष

■ 14 दिन बिताएंगे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में ■ 60 प्रयोग करेंगे अपने मिशन के दौरान

# भारत के शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना
# 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है। अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के ▶▶ शेष पेज 8 पर

### भारत ने रचा इतिहास

लॉन्च के 10 मिनट बाद ही रॉकेट ने पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर लिया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने उत्साह में कहा कमाल की राइड थी। यह सुनते ही देशवासियों के चेहरे खिल उठे। उनका यह सफर भारत की अंतरिक्ष उड़ान में एक नया अध्याय है, जो राकेश शर्मा की 1984 में हुई ऐतिहासिक उड़ान के 41 साल बाद संभव हुआ है।



### मेरी नहीं, भारत की यात्रा- शुभांशु

पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने के बाद शुभांशु शुक्ला ने हिंदी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा नमस्कार मेरे प्यारे देशवासियों, 41 साल बाद हम अंतरिक्ष में पहुंचे हैं। मेरी कंधों पर तिरंगा है, जो मुझे यह एहसास दिलाता है कि मैं अकेला नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के साथ हूं। यह सिर्फ मेरी अंतरिक्ष यात्रा नहीं है, बल्कि भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत है।




## सीजफायर के एक दिन बाद सियासी घमासान, इजरायल-ईरान के तेवर नहीं पड़े नरम

# ईरान अड़ा, ट्रंप ने चेताया-अगर परमाणु कार्यक्रम शुरू किया तो फिर से हमला

*इजरायल और ईरान के बीच नाजुक संघर्ष विराम मुश्किलों भरी शुरुआत के बाद बुधवार को कायम होता दिखाई दिया, जिससे यह उम्मीद जगी है कि एक दीर्घकालिक शांति समझौता हो सकता है। हालांकि ईरान ने इस बात पर जोर दिया है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं छोड़ेगा। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे बम नहीं बनाएंगे और वे संवर्धन नहीं करेंगे, अगर ईरान ने फिर से परमाणु कार्यक्रम शुरू किया तो हम फिर हमला करेंगे।*

सीजफायर के एक दिन बाद सियासी घमासान, इजरायल-ईरान के तेवर नहीं पड़े नरम

एजेंसी ▶▶| दुबई

इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के 12वें दिन मंगलवार को संघर्ष विराम लागू हो गया। हालांकि दोनों पक्षों ने शुरू में एक दूसरे पर इसका उल्लंघन करने का आरोप लगाया, लेकिन अंततः मिसाइल, ड्रोन और बम के हमले बंद हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि यह (संघर्ष विराम) बहुत अच्छी तरह से जारी है।

संघर्षविराम तक पहुंचने में मदद करने वाले ट्रंप ने कहा, वे बम नहीं बनाएंगे और वे संवर्धन नहीं करेंगे। हालांकि, ईरान ने इस बात पर जोर दिया है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को नहीं छोड़ेगा। वहीं ईरानी संसद ने एक मतदान में एक प्रस्ताव को तेजी से आगे बढ़ाने पर सहमति जतायी, जो वियना स्थित संयुक्त राष्ट्र संगठन अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को प्रभावी रूप से रोक देगा। आईएईए ईरान के परमाणु कार्यक्रम की वर्षों से निगरानी कर रहा है। मतदान से पहले, संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर ▶▶ शेष पेज 6 पर



**शांति का ऐलान, पर जंग जारी**

### ईरान का सेंट्रल बैंक आतंकी संगठन घोषित

इजरायल ने अब ईरान के सेंट्रल बैंक को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कार्टज ने ट्वीट कर कहा है कि, मैंने आज मोसाद और राष्ट्रीय आर्थिक युद्ध मुख्यालय के अनुरोध पर ईरान के सेंट्रल बैंक को आतंकवादी संगठन घोषित करने वाले एक विशेष आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य ईरानी आतंकवादी शासन की फाइनेंसिंग सिस्टम के मूल पर प्रहार करना है।

### इजरायल के तीन जासूसों को फांसी

ईरान ने इजरायल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। कैदियों को ईरान के पश्चिम अजरबैजान प्रांत की उर्मिया जेल में फांसी दी गई। पश्चिम अजरबैजान देश का सबसे उत्तर पश्चिमी प्रांत है।

**ईरान ने माना**

### परमाणु ठिकानों को काफी नुकसान

ईरान ने मान लिया है कि 22 जून को अमेरिकी हमलों से उसके परमाणु ठिकानों को काफी नुकसान पहुंचा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। अल जजीरा से बात करते हुए बाघई ने कहा कि अमेरिकी बस्टर बमों के हमले असरदार थे और उससे परमाणु ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, बाघई ने नुकसान की डिटेल जानकारी नहीं दी।

**इजरायल रक्षा मंत्री बोले**

### सीजफायर के उल्लंघन पर देंगे जवाब

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कार्टज ने कहा है कि इजरायल रक्षा बलों को निर्देश दिया गया है कि अगर ईरान संघर्ष विराम का उल्लंघन करता है तो वे पूरी ताकत के साथ इसका जवाब दें। कार्टज ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री के साथ समन्वय में आईडीएफ को निर्देश दिया है कि वे तेहरान के केंद्र में शासन के ठिकानों पर तीव्र हमलों के माध्यम से ईरान द्वारा संघर्ष विराम के उल्लंघन का जोरदार तरीके से जवाब दें।

**सक्ती राजमहल बना अखाड़ा**

## बड़ी रानी और राजा धर्मेंद्र के समर्थक आपस में भिड़े



हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| सक्ती

सक्ती राजमहल में पिछले कुछ सालों से चल रहा विवाद एक बार फिर तब सामने आया जब बड़ी रानी और राजा धर्मेंद्र के समर्थक महल भीतर में ही आपस में भिड़ गए। बताया जाता है कि अबकी बार महल खाली कराने को लेकर पहले एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पर हमला किया,फिर दूसरे पक्ष के समर्थक बड़ी संख्या में राजमहल पहुंच गए और मारपीट के साथ हो हंगामा शुरू हो गया। इसको लेकर तकरीबन ▶▶ शेष पेज 8 पर

### मिली है जानकारी रिपोर्ट दर्ज नहीं

राजमहल में वाद विवाद और मारपीट की जानकारी मिली है। सामने में भीड़ लगी हुई थी, सूचना पर पुलिस टीम पहुंची, रास्ता क्लियर कराया गया। किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है, अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

-अनवर अली, थाना प्रभारी सक्ती

### महल में घुस गए राजा समर्थक

इधर, घटना की जानकारी होने पर राजा धर्मेंद्र के समर्थक जजंग और टोलाडीह के ग्रामीण बड़ी संख्या में एकजुट होकर महल में घुस गए। बताया जाता है कि उन्होंने दूसरे पक्ष के लोगों के बदल लेते हुए जमकर मारपीट की और महल में हो हंगामा मारपीट के साथ चीख पुकार मच गई। महल में मारपीट और हो हंगामा को लेकर लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई।

**खबर संक्षेप**

### नौ आईपीएस के तबादले पूजा बिलासपुर लौटी

**रायपुर।** राज्य शासन ने 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं।



नारयणपुर एसपी प्रभात कुमार के स्थान पर राबिंसन गुरिया को पदस्थ किया गया है। गृह विभाग से जारी आदेश में जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें विकास कुमार एआईजी नवा रायपुर के एसपी विशेष आसूचना शाखा पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। पूजा कुमार एएसपी दंतेवाड़ा को पुलिस अधीक्षक (रेडियो) बिलासपुर, मयंक गुर्जर एएसपी बीजापुर को सेनानी 15 वी वाहिनी छसबल बीजापुर, संदीप कुमार पटेल एसडीओपी भानुप्रतापुर को सेनानी 16 वी वाहिनी छसबल नारायणपुर, राजनला स्मृतिक एएसपी दंतेवाड़ा को पुलिस अधीक्षकएसटीएफ बघेरा दुर्ग, चिराग जैन एएसपी दुर्ग को एएसपी मोहला-मानपुर-चौकी, उमेश प्रसाद गुप्ता एएसपी सुकमा को सेनानी 14 वी वाहिनी छसबल धनोरा बालोद के पद पर पदस्थ किया गया है।

### टैंकर में आग लगी चालक जिंदा जला

**जयपुर।** जयपुर के पास बुधवार सुबह रसायन से भरे एक टैंकर में आग लग गई, जिससे चालक जिंदा जल गया। जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर मोखमपुरा के पास हुआ। रसायन से भरा टैंकर राजमार्ग पर पलट गया और उसमें आग लग गई। चालक राजेंद्र केबिन के अंदर फंस गया और जिंदा जल गया।

### नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर अंतरराष्ट्रीय दिवस


**नई दिल्ली।** सरकार 26 जून को दिल्ली में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाएगी। दिल्ली में एक राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेगी। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### पानी के टैंक में डूबने से मामा-भांजी की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के घड़साना इलाके में बुधवार को पानी भरते समय 30 वर्षीय युवक और उसकी 15 वर्षीय भांजी की टैंक में डूबने से मौत हो गई। हादसा घड़साना के '7एमएलडी' गांव में उस समय हुआ, जब राशिद खान और उनकी भांजी रहमत टैंक से पानी भर रहे थे। दोनों कथित तौर पर फिसलकर टैंक में गिर गए और डूब गए।

**सीबीएसई का बड़ा फैसला**

# दसवीं बोर्ड परीक्षा साल में दो बार, पहली फरवरी दूसरी बार होगी मई में




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन साल में दो बार किए जाने वाले नियमों को मंजूरी दे दी है। साल 2026 से सीबीएसई की ओर से 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएगी। सीबीएसई एग्जाम कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बताया कि सीबीएसई ने दो बार परीक्षाएं करवाने के मॉडल को मंजूरी दे दी। साल में पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी परीक्षा मई महीने में आयोजित होगी। वहीं, फरवरी में होने वाली परीक्षा के नतीजे अप्रैल और मई में होने वाली परीक्षा के नतीजे जून में जारी किए जाएंगे। 10वीं बोर्ड परीक्षा के स्टूडेंट्स को पहली परीक्षा में हिस्सा लेना अनिवार्य होगा और दूसरी बार होने वाली बोर्ड परीक्षा में इच्छा से भाग लिया जा सकता है. दूसरी बार में छात्र अपने अंकों में सुधार करने के लिए हिस्सा ले सकते हैं।

खास खबर

### कब होगी परीक्षाएं

- सीबीएसई की ओर से फरवरी में जो ड्राफ्ट तैयार किया गया था, उसमें कहा गया था कि सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के पहले चरण की परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च के बीच आयोजित हो सकती है और दूसरे चरण की परीक्षाएं 5 से 20 मई के आयोजित होंगी।
- पहले और दूसरे चरण की परीक्षाओं में सेलेबस भी एक ही रहेगा और पूर्ण पाठ्यक्रम शामिल होगा। इसके साथ ही जो भी छात्र दोनों परीक्षा में हिस्सा लेंगे, उनके परीक्षा केंद्र एक ही होंगे।
- रजिस्ट्रेशन के वक्त ही दोनों परीक्षाओं की फीस जमा करनी होगी।
- सीबीएसई दूसरे एग्जाम के जरिए उन छात्र को मौका देना चाहता है, जो एक बार परीक्षा के बाद अपने परिणामों में सुधार करना चाहते हैं।

### कौन से नंबर फाइनल माने जाएंगे

अगर कोई छात्र साल की दोनों परीक्षाओं में हिस्सा लेता है, तो उसके उन नंबरों को फाइनल माना जाएगा, जो ज्यादा होंगे। अगर किसी के पहले एग्जाम में ज्यादा नंबर आते हैं और दूसरे एग्जाम में कम नंबर आते हैं तो उसके पहले चरण की परीक्षा के नंबर को फाइनल माना जा सकता है।

## सीएम साय ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता को दी श्रद्धांजलि

**सिंधु आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति व्यक्त की संवेदनाएं**




*रोहतक। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हरियाणा के पूर्व वित मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री बुधवार को कैप्टन अभिमन्यु के रोहतक स्थित सिंधु आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा माता परमेश्वरी देवी के दिए संस्कारों की वजह से ही सिंधु परिवार* ▶▶ शेष पेज 8 पर






### इंदिरा गांधी ने किया लोकतंत्र की हत्या का काम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाती है। उन्होंने कहा कि वह दौर एक दुखदायी काल की तरह था। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयानों में कोई वजन नहीं रह गया।

**नक्सल प्रभावित पूवर्ती गांव में एक अनोखा और भावनात्मक दृश्य आया सामने**

कभी डर का पर्याय था पूवर्ती, अब बन रहा विश्वास की मिसाल

# कुख्यात नक्सली हिड़मा के गांव की बेटी का ब्याह, जवान बने भाई, कैंप में थिरके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग का सुकमा नक्सल प्रभावित जिला है, यहां के आदिवासी डर के साये में जीते रहे हैं। लेकिन हाल ही में यहां से जो तस्वीर सामने आई है, उसने दिल जीत लिया। नक्सल प्रभावित पूवर्ती गांव में एक अनोखा और भावनात्मक दृश्य सामने आया है। यह रोचक घटना उस गांव में घटी, जहां से सबसे खूंखार माने जाने वाले नक्सल कमांडर हिड़मा का नाता था। नक्सली हिड़मा के गांव में दुल्हन की विदाई में जवानों ने भाई का ▶▶ शेष पेज 8 पर

अलग खबर



### मजबूत होते संबंधों का प्रतीक

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि हाल ही में सुकमा जिले के पुवर्ती गांव में एक बेटी की शादी के अवसर पर पुवर्ती गांव में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा दिखाया गया, भावुक और आत्मीय व्यवहार, सुरक्षा बलों और स्थानीय आदिवासी समुदायों के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रतीक है। जब वधु पक्ष द्वारा पारंपरिक रस्मों के साथ बेटी की विदाई की तैयारी की जा रही थी, तब कैम्प से आए सुरक्षा जवान सिर्फ रक्षक बनकर नहीं, बल्कि भाई के रूप में आगे आए।

### नाच-गानों व उल्लास से गूंज उठा कैंप परिसर

*कैम्प में मौजूद अधिकारियों और जवानों ने भी इस मौके को केवल एक मुलाकात नहीं रहने दिया, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हुए भाई का फर्ज निभाया। उन्होंने दुल्हन को नेग दिया, आशीर्वाद दिया और ग्रामीणों के साथ मिलकर विवाह की खुशियां साझा की। दुल्हन ने भी जवान को भाई मानकर पैर छुए। कैंप परिसर नाच-गानों और उल्लास से गूंज उठा। यह दृश्य केवल एक विवाह* ▶▶ शेष पेज 8 पर

## अब अंगूठा नहीं, 6 ओटीपी से मिलेगा कोटा

# तीन माह के चावल के लिए न हों परेशान 20 जुलाई तक वितरण बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राशन कार्डधारियों को तीन माह का चावल एकमुश्त देने की योजना की अवधि 20 जुलाई तक बढ़ने की संभावना है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार केंद्र से इसकी अनुमति मिल जाएगी। अब केंद्र में तारीख बढ़ाने की सहमति लगभग बन गई है। इधर राज्य में राशन दुकानों को नई पीओएस मशीनें दे दी गई हैं, लेकिन इसमें पेंच ये हैं कि अंगूठे से काम नहीं चल रहा है, तीन माह के चावल के लिए 6 बार ओटीपी की जरूरत होने से ग्राहकों को परेशानी हो रही है। फिलहाल इसका कोई हल नहीं निकला है।

राज्य की खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने तीन माह का राशन एक साथ राशन कार्ड धारियों को देने की अवधि 20 जुलाई तक बढ़ाने के संबंध में केंद्र सरकार के अधिकारी को पत्र भेजा था। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो यह अवधि बढ़ाने पर सहमति बन रही है। वजह ये है कि देश के कई राज्य में तय अवधि तक चावल बंट पाना मुश्किल हो गया है। हालांकि छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों से बेहतर है, क्योंकि यहां अब तक 65 प्रतिशत चावल बंट चुका है। लिहाजा ग्राहकों को अब इस बात के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि तारीख बढ़ने के बाद सभी को राशन मिल जाएगा।

### नई पीओएस मशीन भी करने लगी परेशान



फाइल फोटो

### गरियाबंद में ग्राहक दरवाजा तोड़कर घुसे थे

इधर गरियाबंद जिले में हाल ही में ये घटना सामने आई थी जब बड़ी संख्या में ग्राहक अपनी बारी के इंतजार में परेशान हो गए और वे लोग दरवाजा तोड़कर दुकान में जा घुसे थे। इस मामले को सरकार ने भी गंभीरता से लिया था। एक दिन पहले ही सरकार के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल गरियाबंद की स्थिति का जायजा लेने गए थे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने वहां माना कि सर्वर की तकनीकी समस्याएं, ओटीपी और फिंगर प्रिंट में मिलान में दिक्कत है। इसकी वजह से तीन माह का राशन एक साथ बांटने में असुविधा हो रही है।

### नई मशीनें भी बन रहीं परेशानी की वजह

चावल बांटने के मामले में दरअसल परेशानी इस बात को लेकर आई थी कि यूआईडीएआई ने राशन दुकानों की फिंगर प्रिंट मशीन को 31 मई को (अनियमित) डिस्कंटीन्यू कर दिया था। इसके बाद अब सभी राशन दुकानों को नई ई पीओएस मशीन दी गई है। लेकिन इन मशीनों से भी समस्याएं सामने आ रही है। इसकी वजह से ग्राहकों को राशन लेने में काफी समय लग रहा है। कई जगहों पर तो लोग सुबह से राशन लेने की लाइन लगाते हैं और शाम तक इंतजार करते रहते हैं।

### अब अंगूठा नहीं ओटीपी जरूरी

बताया गया है कि पहले वाली मशीन में ग्राहक का अंगूठा लगाने से भी काम बन जाता था। लेकिन नई मशीन में ओटीपी के बिना राशन नहीं मिल पा रहा है। हालत ये है कि तीन माह का राशन लेने के लिए 6 बार ओटीपी आना जरूरी है। राज्य के दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट नेटवर्क की कमजोरी के कारण ओटीपी समय पर नहीं आ रहा है। ये शिकायतें भी हैं कि मशीन अचानक बंद हो जाती है।

## छत्तीसगढ़ में एक हजार करोड़ का एनजीओ घोटाला सभी पक्षों की बहस पूरी, हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**बिलासपुर।** राज्य स्त्रोत निशक्त जन संस्थान अस्पताल रायपुर के नाम पर हुए करोड़ों के घोटाले पर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता, आरोपी अधिकारियों के साथ ही सीबीआई की ओर से अपनी बहस पूरी कर ली गई। हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले में तत्कालीन चीफ सेक्रेट्री की रिपोर्ट के बाद डिवीजन बेंच ने प्रकरण



की गंभीरता को देखते हुए घोटाले की सीबीआई जांच कराने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई जबलपुर ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज मामले की जांच भी शुरू कर दी थी। इसी बीच घोटाले के आरोप में फंसे आईएएस व राज्य सेवा संवर्ग के अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर सीबीआइ जांच पर रोक की मांग की थी। प्रकरण की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच पर रोक लगाते हुए सुनवाई के लिए याचिका छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट को वापस भेज दिया था।




### महादेव एप का फरार आरोपी सैफ गिरफ्तार

**रायपुर।** महादेव सट्टा से जुड़े खपराभट्ठी आमापारा के सैफ अली उर्फ शोबी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि आरोपी महादेव एप के पैनल से कोलकाता, गुवाहाटी एवं देहरादून में बैठकर ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहा था। इस मामले में झारखंड के 3, एमपी के 2, पंजाब के 1, यूपी के 2, बिहार के 1 एवं छत्तीसगढ़ के 13 सहित कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 112 मोबाइल फोन, 14 लैपटॉप, 4 नग राउटर, 94 नग विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, 15 नग विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड, 32 विभिन्न बैंकों के बैंक पासबुक, 3 बैंक चेकबुक, 1 नग सिक्योरिटी कैमरा, 4 नग पॉवर एक्सटेंशन बोर्ड तथा सट्टे के पैसों का हिसाब-किताब जुमला कीमती लगभग 55 लाख रुपए जब्त किया गया था।

## बगैर होलोग्राम-मिलावटी शराब मामले में सीएम को पत्र, प्लेसमेंट एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राजधानी रायपुर के लालपुर शासकीय शराब दुकान में बगैर होलोग्राम और मिलावटी शराब बेचे जाने के मामले में प्लेसमेंट एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसे ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की गई है। जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लालपुर के साथ जिले में अन्य कई शराब दुकानों में भी बगैर होलोग्राम और मिलावटी शराब की बिक्री होने की संभावना जताते हुए सभी दुकानों में उच्च स्तरीय विभागीय जांच कराए जाने की मांग की है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्होंने राजधानी रायपुर के लालपुर कंपोजिट शराब दुकान में मिली बगैर होलोग्राम एवं मिलावटी शराब की बिक्री पर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे शासन की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में



सिर्फ उस क्षेत्र के जिला सहायक आबकारी अधिकारी को निलंबित किया गया हैं, जबकि इस मामले में उच्च स्तरीय विभागीय जांच होनी चाहिए, क्योंकि इसमें अन्य कई अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में प्लेसमेंट एजेंसी की भी संलिप्ता है, इसलिए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उसका लाइसेंस निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि राज्य एवं संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने लालपुर शराब दुकान में छापा मारकर यहां से बगैर होलोग्राम की 34 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की तथा 265 पेटी मिलावटी शराब बरामद की थी। इसके अलावा दुकान में शराब बिक्री की राशि में से 12 लाख 10 हजार 480 रुपए गायब मिले थे। विभाग ने इस मामले को गंभीर श्रेणी की अनियमितता मानते हुए इस क्षेत्र के सहायक जिला अधिकारी राजेंद्रनाथ तिवारी को घोर लापरवाही बरतने पर निलंबित करने की कार्रवाई की है।

## आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का ऑडिट दो माह से अटका, निजी अस्पतालों से आ रहे उपचार के धड़ाधड़ क्लेम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शहरी वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों के निजी अस्पताल में उपचार के ऑडिट का काम पिछले दो महीने से अटक गया है। इसकी वजह से स्टेट नोडल एजेंसी के पास इलाज संबंधी क्लेम धड़ाधड़ भुगतान के लिए पहुंच रहे हैं। टीपीए कंपनी अपनी टीम के साथ मरीजों के वास्तविक इलाज का निरीक्षण करती है। पुरानी टीपीए कंपनी का काम 30 अप्रैल को समाप्त हो चुका है और नयी से अनुबंध की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो पाई है।

प्रदेश में लोगों निशुल्क उपचार की सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन किया जाता है। इसके तहत पंजीकृत करीब 13 सौ अस्पतालों में हितग्राहियों को इलाज की सुविधा दी जाती है। निजी अस्पतालों में उपचार व्यवस्था की निगरानी करने का काम स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा अनुबंधित कंपनी द्वारा कराया जाता है। कंपनी अपने डाक्टरों की तैनाती पंजीकृत अस्पताल में करती है, जो मरीजों की जरूरत के हिसाब से उपचार का ऑडिट करती है। सूत्रों का कहना है कि इस ऑडिट प्रक्रिया में अस्पतालों के माध्यम से किए जाने वाले फर्जी क्लेम पर विराम लगता है। पिछले दो माह से यह ऑडिट का काम अटका हुआ है, क्योंकि पुरानी कंपनी एफएचपीएल का टेंडर अनुबंध 30 अप्रैल को समाप्त हो चुका है। जानकार लोगों का कहना है कि ऑडिट नहीं होने की वजह निजी अस्पतालों द्वारा अंधाधुंध तरीके से क्लेम राशि भुगतान के लिए स्टेट नोडल एजेंसी को भेजा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य सहायता योजना में टीपीए कंपनी अपने खर्च पर तीन साल अनुभवी एमबीबीएस डाक्टर की व्यवस्था करती है। डाक्टरों को मरीज के उपचार की पूरी प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। कुछ समय पहले अनुबंधित डाक्टरों को ऑडिट की जिम्मेदारी दे दी गई थी क्लेम रिजेक्शन की भारी संख्या के बाद काफी बवाल मचा था और कंपनी को इन डाक्टरों को हटाना पड़ गया था। अभी ऑडिट का काम नहीं होने की वजह से योजना से जुड़े अधिकारियों की परेशानी बढ़ती जा रही है।




बिलासपुर
गुरुवार 26 जून 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 25, अंक : 96
पृष्ठ : 12+6= 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 32.1
न्यून. 26.6

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

9 विश्वकप जीत के 42 साल : वह दिन...



विचार पेज
2 एआई से बनाएं आर्थिक-सैन्य मजबूती




# भाजपा सांसद-विधायक और मंत्रियों को देगी 7 से 9 जुलाई तक प्रशिक्षण, नड्डा करेंगे शुभारंभ, समापन में रहेंगे शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के सांसद-विधायक एवं प्रदेश के मंत्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगी। प्रशिक्षण शिविर 7 से 9 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे वहीं इसका समापन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम बस्तर या मैनपाट में कराए जाने की संभावना है, इसके लिए स्थल चयन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तीन दिन के प्रशिक्षण ▶▶|शेष पेज 8 पर

## जगह की तलाश में जुटे पदाधिकारी

भाजपा संगठन को कार्यक्रम के लिए जगह तलाशने की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन ने बस्तर और मैनपाट में कुछ जगहों को इसके आयोजन के लिए चिन्हित किया है। सभी लोगों के ठहरने और कार्यक्रम के आयोजन के हिसाब से सुविधा जनक जगह को अंतिम रूप दिया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से भी स्थल चयन को देखा जा रहा है।

## मैनपाट और बस्तर में कराने की तैयारी, संगठन से जुड़े लोग भी होंगे शामिल



### भाजपा के सिद्धांत और रीति नीति पर फोकस

बताया गया है कि प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के सिद्धांत और रीति-नीति से सभी सांसद, विधायकों और मंत्रियों को परिचित कराया जाएगा। पार्टी के कार्य के अनुरूप उनका आचरण हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री रहेंगे सभी सत्रों में

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रशिक्षण शिविर में तीनों दिन रह सकते हैं। वे सत्र को संबोधित भी कर सकते हैं। वहीं विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह भी जन प्रतिनिधियों को अपने दीर्घ अनुभवों के आधार पर बताएंगे कि किस तरह लोकप्रिय जन प्रतिनिधि बना जा सकता है। जनता से सीधे संवाद कैसे किया जाए और पार्टी की रीति नीति पर कैसे कायम रहा जाए।

### पीएम ने आपातकाल को बताया 'काला अध्याय', कांग्रेस ने किया पलटवार

# कैबिनेट में प्रस्ताव पास, आपातकाल में हुई लोकतंत्र की हत्या, रखा दो मिनट का मौन

*आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक में बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया गया है। इस प्रस्ताव में 1975 में लगे आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया गया और इसकी कड़ी निंदा की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के 'सबसे काले अध्यायों' में से एक था और तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 'लोकतंत्र को बंदी बना लिया' था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने रखा दो मिनट का मौन

खास खबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि आपातकाल के दौरान जिस तरह से संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया, उसे कोई भी भारतीय कभी नहीं भूलेगा।

भारतीय जनता पार्टी और प्रमुख सहयोगी जनता दल (यू) के शीर्ष नेताओं ने कांग्रेस आपातकाल को घेरा तो मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से देश में 'अघोषित आपातकाल' लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध ▶▶|शेष पेज 8 पर

## पीएम ने लिखी आपातकाल पर किताब



आपातकाल और उस दौरान के अपने अनुभवों पर एक पुस्तक के विमोचन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह अवधि उनके लिए सीख देने वाली थी। लोकतंत्र के आदर्शों के लिए मोदी के संघर्ष को रेखांकित करने वाली किताब 'द इमरजेंसी डायरीज-ईयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का प्रकाशन ब्लूक्राफ्ट ने किया है। मोदी ने कहा कि यह किताब आपातकाल के दौरान की उनकी यात्रा को बयां करती है और उस समय की कई स्मृतियों को ताजा करती है।

## शाह बोले- लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था आपातकाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। शाह ने यह बात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संदर्भ में कही। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू किया था। शाह ने कहा कि यह दिन सभी को याद दिलाता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है।

## खड़गे का पलटवार, कहा- 11 वर्ष से अघोषित आपातकाल



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी के हमले को लेकर उन पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्ष से देश में 'अघोषित आपातकाल' है। भाजपा मोदी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है।

## आपातकाल को याद कर भावुक हुए साय कहा- यह एक घटना नहीं, व्यक्तिगत पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर रायपुर में आयोजन




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा, यह अत्यंत आवश्यक है कि लोकतंत्र की हत्या के उस काले दिन को हमारी भावी पीढ़ी भी जाने, समझे और उससे सीख ले। आपातकाल के दौर को याद करते हुए भावुक हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कालखंड मेरे जीवन से गहराई से जुड़ा है। यह मेरे लिए मात्र एक घटना नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत पीड़ा है। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### आपातकाल के इतिहास को जाने नई पीढ़ी

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार लोकतंत्र सेनानी परिवारों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। इन परिवारों को प्रतिमाह 10 हजार से 25 हजार रुपए तक की सम्मान राशि दी जा रही है, यह उनके संघर्ष और बलिदान को नमन करने का एक विनम्र प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और ▶▶|शेष पेज 8 पर

# सप्लायर ने लॉक कर दी सरगुजा में 58 सीबीसी मशीनें

*स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्त जांच सुविधा हुई प्रभावित, मरीजों को ही रही परेशानी, बेहतर जांच सुविधा के लिए सप्लाई किए गए थे डिजिटल उपकरण*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को रक्त जांच के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर उपलब्ध कराई गई सीबीसी मशीनें बंद पड़ी हुई हैं। री-एजेंट सप्लाई को लेकर स्वास्थ्य विभाग और मशीन सप्लाई करने वाली कंपनी के बीच चल रहे विवाद के कारण कंपनी ने ही इन मशीनों को लॉक कर दिया है। सरगुजा संभाग के तीन जिलों में कंपनी द्वारा 111 में से 58 मशीनों को लॉक कर दिया गया है। मशीने लॉक होने से स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच सुविधाएं ठप हो गई है और इसका सीधा असर अस्पताल में आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। ▶▶|शेष पेज 8 पर

## तीन जिलों में 111 मशीनें सप्लाई

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कुल 111 सीबीसी मशीनें सप्लाई की गई है। इनमें से वर्तमान में सिर्फ 53 मशीनें ही काम कर रही है जबकि 58 मशीनें बन्द है। सरगुज जिले की बात की जाए तो यहां कुल 34 मशीनें दी गई थी जिनमें से 17 मशीनें चालू हैं और 17 लॉक हो गई हैं। सूरजपुर जिले में 47 सीबीसी मशीनें दी गई थी जिनमें से 28 मशीनें चल रही हैं जबकि 19 मशीनें लॉक हैं। इसी तरह बलरामपुर जिले में 30 सीबीसी मशीनें सप्लाई हुई और इनमें से सिर्फ 8 मशीनें ही अभी काम कर रही हैं जबकि 22 मशीनें बन्द पड़ी हुई हैं। सरगुजा के सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को भी यह मान रहे हैं कि मशीनें बन्द पड़ी हुई हैं लेकिन इसपर राज्य स्तर से ही निर्णय लिया जा सकता है।

## मशीनों को शुरू करना सरकार की जवाबदेही: सिंहदेव

सीबीसी मशीनों के बन्द होने को लेकर प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने बताया कि ये मशीनें इस लिए खरीदी गई थी कि लोगों को निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और उन्हें अपनी जेब से खर्चा ना करना पड़े। इसलिए सरकार का ही दायित्व है कि लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराए। एक सामान्य से जांच में 2 हजार रुपए तक लग जाते हैं। इसलिए ये मशीनें खरीदी गई और बाद में केंद्र सरकार भी इसमें सहयोग के रूप में सामने आया। उन्होंने कहा कि इन मशीनों को चालू रखना सरकार की जिम्मेदारी है। री- एजेंट का मामला जांच के दायरे में फंसा हुआ है। जहां तक गड़बड़ी हुई है उसे अलग करके इसको आगे बढ़ाना चाहिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार दो की मौत



**कन्नौज।** कन्नौज जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र में बालू से लदे डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने बालू लेने जा रहे तीन अन्य डंपरों पर पथराव किया और मृत युवकों के शव सड़क पर रखकर रास्ता जाम कर दिया।


### जलस्तर बढ़ने पर ऋषिकेश में 'रिवर राफ्टिंग' बंद



**ऋषिकेश।** ऋषिकेश में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने और भारी मात्रा में गाद आने से मुनि की रेती क्षेत्र में 'रिवर राफ्टिंग' अस्थाई रूप से बंद कर दी गई। पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए मुनि की रेती क्षेत्र में 24 जून से गंगा नदी में 'रिवर राफ्टिंग' को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

### गुजरात, महाराष्ट्र में कार्रवाई

# डिजिटल अरेस्ट कर 100 करोड़ की धोखाधड़ी, ईडी की छापेमारी




एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

प्रवर्तन निदेशालय ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है।

### फर्जी केवाईसी दस्तावेजों से खोले खाते

सूत्रों के अनुसार, ईडी को संदेह है कि साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से भोले-भाले लोगों से प्राप्त धन को या तो 'डमी' व्यक्तियों के केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) का उपयोग करके या फर्जी केवाईसी दस्तावेजों के आधार पर खोले गए बैंक खातों में जमा किया गया था। सूत्रों ने कहा कि विभिन्न 'अंगड़िया' या हवाला ऑपरेटर के माध्यम से इस अवैध धन को क्रिप्टो करेंसी में बदला जाता था। संदेह है कि आरोपियों ने विदेश में 100 करोड़ रुपए से अधिक धन भेजा।

### लगातार हो रही ठगी

'डिजिटल अरेस्ट' और पुलिस या जांच एजेंसियों के नाम पर भेजे गए फर्जी समन या नोटिस जैसी साइबर धोखाधड़ी के कारण पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में लोग ठगी का शिकार हुए हैं, जिसमें पीड़ितों को इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया मंचों पर वीडियो कॉल पर रहने के लिए मजबूर किया जाता है। अपराधी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई की धमकी देकर उनसे पैसे ऐंठते हैं।

## बादल फटने से मची तबाही...



- कुल्लू जिले में बादल फटने की तीन घटनाएं
- अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए
- कई घर, एक स्कूल भवन हो पुल क्षतिग्रस्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए तथा कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं।

*दिल्ली में बड़ा हादसा तीन घायल*

# रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार जिंदा जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में एक रसायन फैक्टरी में आग लग जाने से चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 इलाके में पांच मंजिला इमारत में लगी और आग बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास स्थित परिसर में होने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और इस संबंध में आगे की जांच की जा रही है।



### बैग और कपड़े का काम

पुलिस ने बताया कि भवन के मालिक सुरेश बंसल के बेटे नितिन बंसल द्वारा भूतल और प्रथम तल का उपयोग रेडीमेड और प्लास्टिक बैग बनाने के लिए किया जाता था। दूसरी मंजिल आनंद नामक व्यक्ति को कपड़े से संबंधित काम के लिए किराए पर दी गई थी।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई एक मुठभेड़ में टीटीपी ने किया यह कारनामा


# मारा गया विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाला पाक सैन्य अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में की गई बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत-पाकिस्तान में चरम सीमा पर जा पहुंचे तनाव के बीच देश में आक्रोश के साथ सबसे ज्यादा पाकिस्तान की सेना के जिस अधिकारी की चर्चा हुई थी। वो था मेजर मुईज अब्बास शाह। क्योंकि अब्बास ने ही ये दावा किया था कि उसने एयर स्ट्राइक के बाद भारत की वायुसेना के अधिकारी विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ा।

### पाक विमानों को खदेड़ने में शामिल अभिनंदन

गौरतलब है कि 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया था। जिसमें केंद्रीय अर्धसैन्यबल के कुल 40 जवान शहीद हो गए थे। जवाब में हमले के 12 दिन बाद भारत ने 26 फरवरी को बालाकोट एयरस्ट्राइक की और पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मौजूद आतंकवादियों के प्रशिक्षण ठिकानों को मटियामेट कर दिया था।



### भारत के सामने पाक ने घुटने टेके

भारत-पाक विमानों के बीच 26 फरवरी 2019 को हुई हवाई जंग में अभिनंदन के लड़ाकू विमान को पाकिस्तानी विमानों ने मार गिराया और वह विमान से बाहर निकलकर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार दुश्मन के इलाके में जा गिरे, उन्हें पाक सेना ने पकड़ लिया था।

आज देश में एक बार फिर से मेजर अब्बास की चर्चा इसलिए हो रही है। क्योंकि उसे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने ढेर कर दिया है। यह एक प्रकार से अभिनंदन की गिरफ्तारी के बाद उसके साथ बना हुआ भारत का बदला पूरा होने के समान है। साथ ही पाकिस्तान की सेना का यह एक बड़ा नुकसान है। मेजर अब्बास के साथ पाक सेना का एक ▶▶|शेष पेज 8 पर

## चिंतन

# लोकतंत्र पर काले धब्बे की तरह है आपातकाल


कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो भर तो जाते हैं, लेकिन उनका दर्द दशकों तक टीस देता रहता है। भारतीय लोकतंत्र पर ऐसा ही एक घाव है आपातकाल, जो न केवल दशकों बल्कि शताब्दियों तक दर्द का अहसास करवाता रहेगा। महज प्रधानमंत्री पद पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र पर ऐसा काला धब्बा लगाया जिसने न केवल देशवासियों पर जुल्म किए बल्कि संविधान निर्माताओं को भी शर्मिंदा कर दिया। देशवासियों के अधिकारों पर हमला करने वाला यह आपातकाल 25 जून 1975 को लागू किया गया और 21 मार्च 1977 को इसे वापस लिए जाने तक 21 महीने तक रहा। इस आपातकाल के आदेश ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को शासन करने का अधिकार दिया और नागरिक स्वतंत्रता पर बड़े पैमाने पर अंकुश लगाया। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ युद्ध और बांग्लादेश की मुक्ति के बाद आंतरिक अशांति से भारत की सुरक्षा को आसन्न खतरे का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा की। यह केवल और केवल राष्ट्रपति द्वारा दिया गया आदेश मात्र था, जबकि इसके पीछे की सूत्रधार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी। यह आपातकाल इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा समाजवादी नेता राज नारायण द्वारा दायर एक मामले में चुनावी कदाचार के लिए दोषी ठहराए जाने के कुछ ही दिनों बाद लगाया गया, जिसमें उन्होंने रायबरेली लोकसभा सीट से उनकी जीत को चुनौती दी थी। दोषसिद्धि के कारण उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया और आपातकाल के कारण उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में बने रहने की अनुमति मिल गई। आपातकाल के दौरान दमनकारी आंतरिक सुरक्षा अधिनियम भी पारित किया गया था, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर निलंबन हुआ, विपक्षी नेताओं और आलोचकों को हिरासत में लिया गया और प्रेस सेंसरशिप की गई। 1975 के 38वें संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा को न्यायिक समीक्षा से मुक्त कर दिया। इसे बाद में 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया। हाईकोर्ट के फैसले के बाद नैतिकता का तकाजा था कि इंदिरा इस्तीफा देकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करतीं पर 12 जून को ही भीड़ ने उनके आवास के समक्ष जस्टिस सिन्हा को सीआइए एजेंट बताकर नारेबाजी की। उन दिनों इंदिरा के बेटे संजय गांधी की सक्रियता बढ़ गई थी। वे आरके धवन, चौधरी बंसीलाल आदि से मिलकर विरोधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहे थे। दिल्ली से प्रकाशित होने वाले अखबारों के कार्यालयों की बिजली काट दी गई। तमाम लोग 26 जून के बजाय 27 जून को जान पाए कि आपातकाल लग गया है। आपातकाल में सेंसरशिप के चलते कई संपादक-पत्रकार भी गिरफ्तार हुए और सरकार विरोधी समाचार छपने बंद हो गए। आपातकाल का विरोध करने वाले लगभग सभी नेता जेल में डाल दिए गए। आपातकाल को आज 50 साल पूरे हुए हैं। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की तरफ से लगाई गई इमरजेंसी एक काला अध्याय है, जो सदियों तक दर्द देता रहेगा। हां, हमें सजग भी रहना होगा कि कोई शासनतंत्र दोबारा ऐसा करने की हिम्मत न करे। हम सबसे बड़ा और शानदार लोकतंत्र हैं। दुनियाभर में हमारे संविधान के तहत मिले अधिकारों को सम्मान से देखा जाता है। फिर कभी ऐसा न हो कि कोई इस पर काला धब्बा लगाने का प्रयास करें।

## पुण्यतिथि
रवीन्द्र रंजन



# आधुनिक भारत के संपूर्ण नायक हैं स्वामी सहजानन्द

विश्व के ज्ञात कृषि परंपरा के पांच हजार सालों के इतिहास में किसानों को पहली बार नेतृत्व करने व संगठित करने का कार्य करने वाले दंडी स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने आडंबर के खिलाफ धर्म के क्षेत्र में नवप्रवर्तन, शास्त्र के क्षेत्र में वेदों को सबको पढ़ने का हक दिलाने की सफल लड़ाई और समाज सुधार में अंतिम व्यक्ति को संगठित करने का श्रेयस्कर योगदान देकर यह साबित किया है कि आधुनिक भारत के किसी भी महानायक की तुलना में वे ज्यादा बहुआयामी और प्रभावशाली हैं। धर्म, राजनीति और समाज के बीच संघर्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाले सहजानन्द को आधुनिक भारत का संपूर्ण नायक कहा जाए तो इसमें किसी को कोई गुरेज नहीं होना चाहिए। खासकर ग्रामीण स्तर पर संगठन कला के विकास का पूरा श्रेय इन्हें ही जाता है। यही कारण है कि पं. राहुल सांकृत्यायन ने इन्हें 'नये भारत का नया नेता' कहा है। किसानों का देश कहे जाने वाले भारत में राष्ट्रीयता का बीज बोने का पूरा श्रेय भी सहजानन्द को ही जाता है। जब देश में राष्ट्रवाद एक वर्ग विशेष के बीच सिमटा था, तब सहजानन्द उसे सुदूर तक ले गये। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर 1920 में राजनीति में प्रवेश करने वाले सहजानन्द की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका गांधी, नेहरु, पटेल, बोस के बराबर की है।



कांग्रेस में रहते हुए महात्मा गांधी से वैचारिक विरोध प्रकट करने और उनके व्यक्तित्व को खुली चुनौती देने का साहस स्वामी सहजानन्द सरस्वती में ही था। आजादी के दौर में गांधीवाद के समानांतर स्वामी सहजानन्द की कृषक राष्ट्रवाद की धारा ही सबसे सशक्त धारा थी। सहजानन्द ने नारा दिया था 'अंग्रेजी शासन मूर्दाबाद, लट्ठ हमारा जिंदाबाद।' उनके इस नारे ने देश भर के किसानों को वर्ग के तौर पर आंदोलित किया और आजादी की ज्योति गांव तक पहुंच सकी। गांधी के विचारों से असहमत रहने वाले दिग्गज नेताओं का मार्गदर्शन भी स्वामी सहजानन्द के द्वारा किया जाता था। क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस, समाजवादी राममनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण जैसे दिग्गज नेताओं का अक्सर पटना से सटे बिहटा में स्वामी सहजानन्द के सीताराम आश्रम में आना-जाना इसी कारण हुआ करता था। इसी क्रम में सीताराम आश्रम बिहटा की अपनी यात्रा के उपरांत गांधी और सहजानन्द के परिपेक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस ने टिप्पणी की और कहा कि साबरमती के आश्रम में खादी धोती पहने मैंने पूंजीपतियों के एक संन्यासी को देखा, परन्तु भारत का एक सच्चा संन्यासी मुझे सीताराम आश्रम पटना में मिला। सुभाष चंद्र बोस ने सहजानन्द को आधुनिक भारत का 'युग पुरुष' माना है। असल में सहजानन्द इस तमगे के वाजिब हकदार भी हैं। 1939 के रामगढ़ अधिवेशन में सहजानन्द ने ही भारत छोड़ो का नारा दिया था। कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर गांधी के विरोध के बाद भी सुभाष निर्वाचित होने में कामयाब रहे तो पर्दे के पिछे सहजानन्द का कृषक संगठन ही कार्य कर रहा था। दरअसल, गांधी और कांग्रेस से सहजानन्द के टकराव का बड़ा कारण किसान ही थे। जब सहजानन्द ने देखा कि देश की 80 प्रतिशत जनता किसान है, वह जमींदारी के शिकंजे से उत्पीड़ित होकर कराह रही है तो उन्होने इस ओर गांधी समेत अन्य कांग्रेसी नेताओं का ध्यान आकृष्ट करवाने की कोशिश की। माकूल जवाब नहीं मिला तो घूम-घूम कर किसानों को जगाया, लेकिन कांग्रेस में विराजमान कुछ तत्व जमींदारों के ही पक्षधर बन बैठे जबकि स्वामी सहजानन्द साम्राज्यवादी ढांचे को समाप्त कर ऐसे राज्य का निर्माण करना चाहते थे, जो भूमि पर किसानों के अधिकार को स्थायी तौर पर कायम कर सके। 1937 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फैजपुर अधिवेशन में किसान कार्यक्रमों में यह बात शामिल नहीं की गई। इसको लेकर किसान समुदाय को वर्गीय आधार पर संगठित करने वाले सहजानन्द का गांधी से मतभेद हो गया। सहजानन्द का मानना था कि देश की दुर्दशा के लिए अंग्रेजों के समान जमींदार भी जिम्मेवार हैं। उन्होंने जमींदारी प्रथा को दोषी मानते हुए इनके खिलाफ लड़ाई लड़ी और इस लड़ाई का केंद्र बिहार को बनाया। रामगढ़ (पहले बिहार अब झारखंड), फैजपुर (महाराष्ट्र), कोमिल्ला (बंगाल), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) आदि में किसानों का सफल अधिवेशन किया। इसमें देश के लाखों किसान समेत बोस व आचार्य नरेंद्र देव जैसे नेताओं ने भी हिस्सा लिया। यह स्वामी सहजानन्द सरस्वती की ही देन था कि देश जमींदारी से मुक्त हुआ और बिहार ऐसा पहला सूबा बना।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# एआई से बनाएं आर्थिक-सैन्य मजबूती



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा।

यकीनन विगत 12 दिनों लड़े गए इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। जहां इजरायल ने ईरान के खिलाफ एआई की मदद से सटीक हमले किए और मोसाद ने ईरान पर हमले की योजना बनाने में एआई का अभूतपूर्व इस्तेमाल किया है, वहीं ईरान ने भी एआई के उपयोग से ड्रोन टेक्नोलॉजी का सफल प्रयोग किया है। इस युद्ध में जिस वैश्विक आर्थिक महाशक्ति अमेरिका का इजरायल को अपार समर्थन रहा है, वह अमेरिका भी ग्लोबल एआई रैंकिंग में दुनिया में सबसे आगे है। ऐसे में इस युद्ध से यह रेखांकित हो रहा है कि अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं कि भारत एआई कुशलता की डगर पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

हाल ही में 11 जून को बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बाजार 2027 तक 3 गुना से ज्यादा बढ़कर 17 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में एआई में बढ़ता निवेश, स्टार्टअप्स की लहर, डिजिटल तंत्र और दमदार प्रतिभा आधार एआई बाजार की रफ्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग-कारोबार स्थानीय चुनौतियों को हल करने, नवाचार को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाभ बढ़ाने के लिए एआई तेजी से अपना रहे हैं। निसंदेह बढ़ती हुई वैश्विक औद्योगिक और कारोबारी चुनौतियां के बीच एआई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियां परंपरागत विकास की डगर को पार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एआई का उपयोग लगातार बढ़ा रही हैं। यही कारण है कि इन दिनों एआई विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि जहां भारत में तेज आर्थिक विकास में एआई की भूमिका प्रभावी हो गई है, वहीं भारतीय एआई पेशेवरों की जरूरत देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ नई दिल्ली में कहा कि एआई को अपनाने वाले उद्योग भारत को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के मुताबिक 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आयटी मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'भारत की एआई क्रांति, विकसित भारत के लिए एक रोडमैप नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2047



तक भारत को 23-25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर एआई पेशेवरों की अहम भूमिका होगी। गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआइ प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फरवरी 2025 में आयोजित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करते हुए कहा कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआई की वजह से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण नौकरियां खत्म नहीं होती, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को हाईस्किल्ड बनाते हुए नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। निश्चित रूप से भारत की नई पीढ़ी डिजिटल दौर के एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन के मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस समय जहां भारत की प्रतिभा संपन्न एआई से सुसज्जित नई पीढ़ी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रही है, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत की एआई हाईस्किल्ड नई पीढ़ी सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) से विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली आर्थिक शक्ति के रूप में भी उभरकर दिखाई दे रही है। एआई हाईस्किल्ड मैनपावर के सरल और किफायती रूप से उपलब्ध होने के कारण भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के साथ सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि अब तक भारत में उत्पादकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जितनी तेजी से विकास की महत्वाकांक्षा है। इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए, उन क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया गया है जहां सरकार और निजी क्षेत्र दोनों द्वारा धन के उपयुक्त निवेश से एआई का उपयोग किया जा सके। यद्यपि देश में भारतजेन, देविका, सूत्र, ऐरावत, सर्वम-1, चित्रलेखा, एवरेस्ट-1 जैसे कई एआई मॉडल्स के लिए पेशेवर काम कर रहे हैं। पर अब भारत के द्वारा शीघ्रतापूर्वक खुद का जनरेटिव एआई मॉडल विकसित करना जरूरी हैं। हमें देश की नई पीढ़ी को एआई हाई-स्किल्स डेवलपमेंट की विशेषज्ञता के लिए और अधिक तेजी से प्रवृत्त करना होगा।

कंप्यूटर विज्ञान, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग साइबर सुरक्षा, डाटा विज्ञान, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे संबंधित क्षेत्रों के लिए बड़ी संख्या में दक्ष इंजीनियर तैयार करना होंगे। उम्मीद करें कि सरकार जहां इजरायल-ईरान युद्ध से निकले इस संदेश पर अवश्य ध्यान देगी कि पाकिस्तान और चीन की किसी भी आतंकी और सैन्य चुनौती से निपटने के लिए सैन्य ताकत को एआई से और अधिक सुसज्जित करेगी, वहीं देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नई पीढ़ी को दुनिया की कुशलतम एआई पीढ़ी के रूप में संवारने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# करोड़ों योनियों का बंधन



संकलित
दर्शन

ज्ञानी कहते हैं- संसार माया जाल है। इस जाल में उलझक जीव जन्म जन्मांतर तक भटकता रहता है। हो सकता है कि आपने भी अब तक करोड़ों जन्म लिए हों और अगर इस जन्म में माया के बंधन से प्रयास नहीं किया तो आगे भी करोड़ों योनियों में भटकना पड़ेगा। इन्हीं स्थितियों से निकलने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया। मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते। 'यह अलौकिक अर्थात अति अद्भुत त्रिगुणमयी मेरी माया बड़ी दुस्तर है परंतु जो पुरुष केवल मुझको ही निरंतर भजते हैं, वे इस माया का उल्लंघन कर जाते हैं अर्थात संसार से तर जाते हैं।' यह जो माया है बड़ी दुस्तर है, इसको तरना बड़ा कठिन है। असंभव नहीं कठिन है। यह तीन गुणवाली है। तामसी आदमी अपना बिगाड़ करके भी दूसरे का बड़ा बिगाड़ करने में खुश होगा। आलस्य, निद्रा, शराब-कबाब में, कलह में वह मजा लेगा- वह माया के तामसी गुण में बंधा है। राजसी आदमी भोग में, संग्रह में- माया के रजोगुण में बंधा है। मरनेवाले शरीर की सुख-संपत्ति और मान-प्रतिष्ठा में अपना जीवन खपा देता है नासमझ! सात्विक आदमी होम-हवन, यज्ञ-याग किया, दान-पुण्य यह-वह अच्छा काम किया और लोग बोल रहे हैंः 'अच्छे हैं, नेक हैं, आहा 'बोले : 'अच्छा है, अपना घर है, बेटे वेल-सेट हैं, बेटी का विवाह करा दिया, भगवान की दया है मुझ


# अनुभव की खान हैं बुजुर्ग



संकलित
प्रेरणा

बूढ़ा आदमी दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। बूढ़े की कांपती हुई गर्दन कहती है कि दुनिया में कुछ भी सार नहीं है उसके कांपते हुए हाथ कहते हैं कि परोपकार और दान करना हो तो आज ही कर लो, वर्ना कल कुछ न कर पाओगे। उसके लड़खड़ाते पैर कहते हैं कि तीर्थ यात्रा आज ही कर डालो, वर्ना हम लाचार हो जाएंगे। दुनिया में ऐसा कोई भी नहीं है जो सदैव युवा रहे। राम, कृष्ण, महावीर सभी को बुढ़ापा आया। लेकिन यह मत समझो कि बुढ़ापा जीवन का अंतिम सफर है। बुढ़ापा तो जीवन का एक सुनहरा अध्याय है। किसी भी बूढ़े को निराश और हताश नहीं होना चाहिए। 20 साल का जवान भी निराशवादी है तो वह बूढ़ा है और यदि 80 साल बूढ़ा भी आशवादी है तो वह जवान है। यह मत सोचना कि बुढ़ापे में कुछ नहीं कर सकते, 70 साल की उम्र में सुकरात साहित्य की रचना करते थे। 80 साल की उम्र में कीरो ने ग्रीक भाषा सीखी थी और 90 वर्ष की उम्र तक पिकासो चित्र बनाते रहे। जब 70 साल की उम्र में महात्मा गांधी देश की आजादी के लिए लड़ सकते हैं तो हम बुढ़ापे से क्यों नहीं लड़ सकते। बुढ़ापे में कभी खाली मत बैठना, कुछ न कुछ करते रहना। जो लोग जवानी में ज्यादा इतराते हैं उन्हे बुढ़ापे में आंसू बहाने पड़ते हैं इसलिए जवानी ढंग से गुजारें, बुढ़ापे में रोना नहीं पड़ेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपद्रवियों की कारस्तानी से हमसफ़र ट्रेन दुर्घटना होते बची

देश मे कानून व्यवस्था बिगाड़ने और दुर्घनाओं को अंजाम देने केलिए कदम कदम पर शरारती तत्व मौजूद है। आये दिन वंदे भारत ट्रेन पर हमला किया जा रहा था। उपद्रवियों को सरंक्षण मिला हुआ है। यह सोची समझी चाल है । रेल घटना से जानमाल का नुकसान करके सुकून से जीना चाहते हैं। ट्रेनों पर पथराव और नुकसान करना आम बात हो गई है। आनन्द विहार गोरखपुर हमसफ़र को पलटाने के लिए पटरी पर लोहे का भारी भरकम एंगल रखा गया था। हमसफ़र लोहे के एंगल से टकरा गई। लेकिन लोको पायलट की सतर्कता से दुर्घटना से बचा जा सका। यदि ट्रेन पटरी से उतर जाती तो कई लोगो के मरने की पूरी संभावना थी। तेज गति से चल रही ट्रेन को असामाजिक तत्वों ने रेल को पलटाने की कोशिश की। *-कांतिलाल मांडोत सूरत*

## करंट अफेयर

# जापान का नाटो सम्मेलन में नहीं जाना तनाव का संकेत



जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है: जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक अपना नाम वापस ले लिया। शिगेरु इशिबा के अलावा भारत-प्रशांत क्षेत्र के दो अन्य नेता- आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग भी शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार (ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और जापान) की बैठक भी शायद नहीं होती। फिर भी जापान का प्रतिनिधित्व उसके विदेश मंत्री ताकेशी इवाया करेंगे, जो नाटो के साथ अपने सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने की इच्छा दर्शाएंगे। हालांकि, इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।

## ऑफ बीट

# तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों को शांत करा रहा संगीत



आम तौर पर यह कहा जाता है कि संगीत मानवता की सार्वभौमिक भाषा है। अब ह्यूस्टन का 12 वर्षीय एक लड़का तनाव से ग्रस्त जानवरों को शांत कराने में इसकी शक्ति को परख रहा है। युवी अग्रवाल ने चार साल की उम्र से कीबोर्ड बजाना शुरू किया था और कई साल पहले उसने देखा कि उसके संगीत से परिवार के बेचैन 'गोल्डन डूडल' कुत्ते बोजो को शांति मिलती है। इसके बाद उसे जिज्ञासा हुई कि क्या इससे तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों की भी मदद हो सकती है। अपने माता-पिता की मदद से उसने 2023 में गैर-लाभकारी 'वाइल्ड ट्यून्स' की स्थापना की ताकि पशु आश्रयों में संगीत बजाने के लिए संगीतकारों की भर्ती की जा सके। अब तक उसने ह्यूस्टन, न्यू जर्सी और डेनवर में नौ आश्रय गृहों में संगीत प्रस्तुति के लिए विभिन्न उम्र एवं पृष्ठभूमियों के लगभग 100 स्वयंसेवी संगीतकारों और गायकों को भर्ती किया है। अग्रवाल ने हाल ही में डेनवर पशु आश्रय गृह में अपने पोर्टेबल कीबोर्ड पर बीटल्स के 'हे जूड' और एड शीरन के 'परफेक्ट' जैसे हिट गाने बजाने के बाद कहा, ''संगीत का आनंद लेने के लिए आपको बोल समझने की ज़रूरत नहीं है। बस धुन, सामंजस्य और लय का आनंद लें। इसलिए यह भाषायी बाधाओं को पार करता है।


## ट्रेंड

### संविधान की हत्या



25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप कर देश के संविधान की हत्या कर दी थी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है।
-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### बगोदर के प्रवासी मजदूर



नाइजर में फंसे बगोदर के प्रवासी मजदूरों की सकुशल घर वापसी को लेकर मैं प्रारंभ से ही विदेश मंत्रालय के संपर्क में हूँ। इसी क्रम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिल कर मामले पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### इतिहास का काला अध्याय



25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है, जिसकी विभीषिका को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। जेलों में डाले गए निर्दोष नागरिकों की पीड़ा, परिवारों की व्यथा और लोकतंत्र पर क्रूरतम आघात की गाथा इतिहास के पन्नों में अंकित रहेगी।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### मणिपुर जल रहा है



मणिपुर जल रहा है, लेकिन मोदी जी आज तक वहाँ नहीं गए। देश घूम रहे हैं, विदेश घूम रहे हैं, पर मणिपुर में संविधान की धज्जियाँ उड़ रही है, वहाँ नहीं जाते ! क्या मणिपुर के लोग भारत के नागरिक नहीं हैं ?
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**ट्रंप की किरकरी**
अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया था परमाणु ठिकाने तबाह करने का दावा

# पेंटागन ने ही किया ट्रंप का बयान खारिज कहा, ईरान को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ

*इजराइल व अमेरिका संग मध्य पूर्व के देश का चला है 12 दिन युद्ध*

*कुछ ही दिनों में ट्रैक पर वापस लौटेगा ईरान का परमाणु कार्यक्रम*



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जमकर किरकरी हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति के ईरान को तबाह करने संबंधी हालिया बयान को उनके रक्षा विभाग पेंटागन की खुफिया शाखा ने ही खारिज कर दिया है।

अमेरिका ने रविवार तड़के ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया। इस हमले के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा था कि ईरान अब परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा क्योंकि अमेरिका ने ईरान के तीनों बड़े परमाणु ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया। इस बीच यूएस रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से बताया गया है कि इस हमले में ईरान को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। सीएनएन और न्यूयार्क टाइम्स जैसे कई बड़े अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने भी रक्षा खुफिया एजेंसी के हवाले से ये खबर दी है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी हमलों में ईरान के तीनों परमाणु स्थलों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। इसमें बताया गया कि इस ऑपरेशन को अंतिम रूप देने में अमेरिका ने देरी कर दी।

### सात अधिकारियों की है रिपोर्ट

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के सात अधिकारियों ने इस रिपोर्ट को तैयार किया है। अमेरिका की इंटेलीजेंस एजेंसी ने दावा किया है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ ही दिनों में ट्रैक पर वापस लौट सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर से पहले ही संवर्धित यूरेनियम को हटा दिया था. हालांकि व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट पर असहमति जताई है।

### इधर, व्हाइट हाउस ने रिपोर्ट को झूठा बताया


इधर, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया, 'यह रिपोर्ट पूरी तरह से गलत है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नीचा दिखाने और अमेरिका के बहादुर फाइटर पायलटों को बदनाम करने के लिए ऐसा किया गया। हर कोई जानता है कि जब 30,000 पाउंड का बम कहीं फटेगा तो क्या होगा।' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'फर्जी खबर, सीएनएन ने न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ मिलकर इतिहास के सबसे सफल सैन्य हमलों में से एक को नीचा दिखाने की कोशिश की है। ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं।

### ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने वाला प्रस्ताव खारिज

अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ मंगलवार को बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर संक्षिप्त चर्चा हुई और उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसदों ने प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया। डेमोक्रेटिक पार्टी ट्रंप के राष्ट्रपति रहते उनके खिलाफ दो बार महाभियोग प्रस्ताव पेश कर चुकी है।

## चुनाव धांधली : आंबेडकर की पार्टी की याचिका खारिज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी के नेता चेतन अहिरे की याचिका पर अपना फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने चेतन अहिरे की याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 6 बजे के बाद 76 लाख वोट पड़े थे। चुनाव में जमकर धांधली की गई थी।



बॉम्बे हाईकोर्ट ने साल 2024 नवंबर में संपन्न हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मतदान के आधिकारिक समापन समय (यानी शाम 6 बजे) के बाद 76 लाख से अधिक वोट डाले गए और लगभग 95 निर्वाचन क्षेत्रों में कई विसंगतियां देखी गई, जिसमें डाले गए वोटों की संख्या और गिने गए वोटों की संख्या मेल नहीं खाती थी। वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख और वरिष्ठ वकील प्रकाश आंबेडकर कोर्ट में सुनवाई के दौरान मतदान प्रक्रिया को लेकर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर फर्जी वोट डाले गए थे। उनका दावा था कि इसमें सरकारी और गैर सरकारी लोगों ने अपने अधिकार का गलत उपयोग किया था। इन दावों को बॉम्बे हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया।

## नाटो नेता रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत




एजेंसी ▶▶| द हेग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, 'सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' को भी रेखांकित किया कि 'एक देश पर हमला सभी पर हमला है।' शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर से संदेह जताया था।




## ड्रग्स केस में पूर्व मंत्री मजीठिया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने शिरोमणि अकाली दल (साद) के सीनियर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया है।



विजिलेंस ने ये कार्रवाई युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत पंजाब पुलिस और विजिलेंस के संयुक्त ऑपरेशन का हिस्सा थी, जिसमें पूरे पंजाब में 25 ठिकानों पर छापेमारी की गई, जिसमें से मजीठिया से जुड़े अमृतसर के 9 ठिकाने शामिल थे। वहीं, पुलिस और विजिलेंस की इस कार्रवाई को लेकर के बाद पूरे राज्य में सियासी घमासान मच गया है। आम आदमी पार्टी के विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह ने अपनी ही सरकार को घेरते हुए छापेमारी की आलोचना की है और छापेमारी को अनैतिक, परिवार की गरिमा के खिलाफ बताया है।

## 'कांग्रेस अब बीजेपी की गोद में बैठ गई : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस की शीर्ष नेतृत्व अब बीजेपी की गोद में बैठ चुकी है। और दोनों पार्टियां एक ही सिस्टम के दो चेहरे बन गई हैं - सत्ता से पैसा और पैसे से सत्ता।











**डॉक्टर सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब लूज मोशन के साथ पेट में हो दर्द-ऐंठन



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। तमाम तरह की सावधानी और संयमित खान-पान के बावजूद हर 10-15 दिन के अंतराल पर मुझे लूज मोशन और पेट दर्द होता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सोनेलाल, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका खान-पान बैलेंस रहता है लेकिन कई बार सामान्य तौर पर लोग बाहर की कोई चीज खा लेते हैं या पानी पी लेते हैं, जो पेट में इंफेक्शन पैदा कर देता है, जिस वजह से ऐसी समस्या आ जाती है। आप इस बात पर भी ध्यान दें कि बाहर की कोई भी चीज खाने से परहेज करें। घर की बनी डिशेज ही खाएं। बाहर का पानी भी ना पिएं। इस तरह के बदलाव से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे पैर की अंगुलियों के बीच अकसर फफोले पड़ जाते हैं। बरसात के मौसम में ऐसा अधिक होता है। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-गौतम, रायपुर**

आपकी परेशानी सुनकर ऐसा लग रहा है कि बारिश के मौसम में जब उमस बढ़ती है, तब इंफेक्शन होता है और फफोले पड़ जाते हैं। इसके लिए कोशिश करें कि जब बाहर से वापस घर लौटें तो पैरों को डेटॉल से अच्छी तरह साफ करें और सुखा लें। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान दें कि पैरों की अंगुलियों में पसीना बना ना रहे। जब भी पसीना आए उसे पोंछते रहें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी गर्दन पर दाद निकल आए हैं। कई तरह के क्रीम और लोशन ट्राई करने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रहा। प्लीज बताएं कि ये दाद कैसे ठीक होगा?**

**-राजेश, बिलासपुर**

दाद ऐसी जगह होता है, जहां पसीना आता है और सूख नहीं पाता। इस मौसम में गले में कई बार पसीना आता है और सूख नहीं पाता, जिससे संक्रमण हो जाता है और खुजली शुरू हो जाती है। इसके लिए बेहतर होगा कि आप पसीने को लगातार पोछते रहें और दिन में एक बार डेटॉल से जरूर धुलें। ज्यादा दिक्कत होने पर डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही कोई क्रीम या पावडर का इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर ही फफोले निकल आते हैं, जिससे खाने-पीने में काफी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-सौरभ, मटियारी**

जीभ में फफोले की समस्या कई बार पेट से जुड़ी होती है। पेट ठीक से साफ नहीं होता तो इस तरह के फफोले पड़ जाते हैं। लेकिन अगर आपका पेट रेग्युलर साफ हो रहा है, इसके बावजूद भी फफोले पड़ रहे हैं तो आपको जरूर एक बार ईएनटी के डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वे चेक कर लेंगे, जिससे कारण पता चल जाएगा फिर उपचार किया जाएगा।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरा वजन अचानक से कम होना शुरू हो गया है। जबकि मेरी डाइट और डेली रूटीन पहले की तरह ही है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजेंद्र, बलौदा बाजार**

आपको सबसे पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। कई बार शुगर होने पर भी वजन कम होना शुरू जाता है तो कई बार थायरॉइड की समस्या इसका कारण बनता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आप डॉक्टर से संपर्क करके एक बार जांच करवा लें। इसके बाद ही कारण का पता चलेगा और उपचार किया जा सकेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**मेंटल हेल्थ**

डॉ. राखी आनंद
सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट
इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली

स्पेशलः पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर डे, 27 जून

पीटीएसडी एक गंभीर मानसिक स्थिति है। यह मनःस्थिति ऐसे लोगों में मिलती है, जो जीवन में किसी भयावह, दर्दनाक या दुखद घटना का शिकार हुए हों या उसके चश्मदीद गवाह बने हों। ऐसे में व्यक्ति अपना सामान्य ढंग से जीवन नहीं जी पाता है। यहां हम आपको बता रहे हैं, इसके कारण, लक्षण और उपचार के बारे में।

# पीटीएसडी समुचित उपचार के साथ अपनों का सपोर्ट भी है जरूरी

हाल ही में अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया विमान क्रैश की दुर्घटना ने देश-विदेश के लोगों को सकते में डाल दिया। जिसमें मरने वालों के परिवार न केवल शोकाकुल अवस्था का सामना कर रहे हैं बल्कि उस हादसे के चश्मदीद गवाहों के दिलो-दिमाग पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। क्रैश के भयावह दृश्य बार-बार उनके सामने आ जाते हैं, जिसकी वजह से वो गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। डॉक्टरों की माने तो इससे उबरने में उन्हें काफी समय लग सकता है। वैज्ञानिक भाषा में इस स्थिति को पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर (पीटीएसडी) कहा जाता है।

## क्या है पीटीएसडी

पीटीएसडी के पेशेंट में दर्दनाक घटनाओं की यादें फ्लैशबैक की तरह उसके मन में बार-बार घूमती रहती हैं, डराती हैं और असहाय बना देती हैं। पीड़ित व्यक्ति दुखद घटनाओं के सदमे से बाहर नहीं निकल पाता है। इनमें से कई मरीज परिवार की सपोर्ट, समुचित देखभाल से कुछ समय बाद ठीक हो जाते हैं और सामान्य जिंदगी गुजारने लगते हैं। लेकिन कुछ मरीजों के दिलो-दिमाग में दुखद घटनाओं का फ्लैशबैक इतना ज्यादा होता रहता है कि उनका सदमे से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

## प्रमुख लक्षण

पीटीएसडी के लक्षण कभी-कभी एकाएक, कभी धीरे-धीरे दिखते हैं या कम-ज्यादा होते रहते हैं। इनमें शामिल हैं-

- छोटी-छोटी बातों को लेकर हमेशा परेशान रहना, अनचाहे ही दिमाग में दुखद घटना की पुरानी बातें याद आना, बहुत ज्यादा घबराहट और डर महसूस करना, किसी भी काम को ठीक से न कर पाना, भूख-प्यास और नींद की कमी आना, बुरे सपने आना, नींद में भी घबरा कर उठ जाना, पसीने से तर-बतर होना, दिल की धड़कन तेज होना, ब्लड प्रेशर बढ़ जाना, चक्कर आना। डेली रूटीन के काम ठीक से न कर पाना। दर्दनाक घटना से जुड़ी बातों के बारे में सोचने या बात करने से बचने की कोशिश करना। व्यवहार में चिड़चिड़ापन आना, डिप्रेशन होना। सोच और मनोदशा में नकारात्मक बदलाव आना, घटना के लिए खुद को जिम्मेवार ठहराना, आत्महत्या करने के विचार आना।







## रोग के प्रमुख कारण

- पहले घटी दुर्घटना से एंग्जाइटी या डिप्रेशन होने की हिस्ट्री रही हो।
- हिंसक माहौल में पलने या बचपन में यौन दुर्व्यवहार झेलने वाले बच्चे।
- शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न या बलात्कार या अपहरण का शिकार हुए लोग।
- करीबी व्यक्ति रिलेटिव की मौत का सदमा।
- परिवार, दोस्तों या रिलेटिव्स के सपोर्ट की कमी।
- एल्कोहल और दवाओं का अत्यधिक सेवन करना।
- दुखद घटनाओं जैसे- सड़क दुर्घटना, विमान दुर्घटना, हिंसक वारदात, सैन्य संघर्ष, आतंकवादी हमला, बाढ़, भूकंप, सुनामी आदि से पीड़ित या इसके साक्षी लोग।

## कब करें डॉक्टर को कंसल्ट

आमतौर पर ये लोग समय के साथ अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर पीटीएसडी के लक्षण अधिक गंभीर होते जाएं और एक महीने से ज्यादा समय तक बने रहें, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। मरीज को पीटीएसडी के लक्षण पता चलने पर जितना जल्दी हो सके, मनोचिकित्सक या क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक से कंसल्ट करना चाहिए। समुचित उपचार और देखभाल मिलने पर भी ऐसे मरीजों को दुखद घटनाओं की यादों से निकलने में 6 महीने से ज्यादा वक्त लग जाता है।



## उपचार का तरीका

पीटीएसडी मरीज का इलाज साइकोथेरेपी से किया जाता है। इसमें शामिल हैं-

**एक्सपोजर थेरेपीः** इसमें मरीज को घटना जानबूझकर याद कराई जाती है। डॉक्टर काउंसलिंग में साकारात्मक बातचीत करके उसका मनोबल बढ़ाते हैं और बुरे ख्यालों से छुटकारा दिलाते हैं। ताकि उसकी तकलीफ कम हो सके।

**कॉगनिटिव बिहेवियर थेरेपी (सीबीटी):** इसमें मरीज से बातचीत कर बिहेवियर को समझा जाता है।

**सपोर्टिव टॉक थेरेपीः** इसमें मरीज को जिस घटना से आघात पहुंचा है, उसके बारे में बात की जाती है। नकारात्मक विचार के कारण जानकर उसे दूर करने की कोशिश की जाती है।

**मेडिसिन भी हैं सहायकः** स्थिति के हिसाब से मरीज की एंग्जाइटी को नियंत्रित करने के लिए मूड स्टैब्लाइज़र और सेलेक्टिव सेरोटोनिन रीअपटेक इनहिबिटर (एसएसआरआई), एंटीसाइकोटिक्स, ट्राइसाइक्लिक एंटीड्रिप्रेसेंट जैसी मेडिसिन दी जाती हैं। मरीज को ब्लड प्रेशर और घबराहट को नियंत्रित करने और बुरे सपनों के लिए भी कुद मेडिसिन दी जाती हैं। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### इन बातों का रखें ध्यान

**पीटीएसडी पेशेंट** को अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तो के सपोर्ट, धैर्य और मदद की जरूरत होती है। ऐसे में जरूरी है कि वह अपने रिश्तेदारों, दोस्तो से मेलजोल बढ़ाए और यथासंभव उनके साथ समय बिताए। उनसे अपनी परेशानी शेयर करे ताकि उसका स्ट्रेस कम हो सके।

- नकारात्मक विचारों वाले लोगों से दूर रहें।
- रोजाना समय पर भोजन करें, जिसमें पोषक तत्वों से भरपूर बैलेंस डाइट लें।
- नियमित रूप से एक्सरसाइज, योगासन या मेडिटेशन करें। रिलैक्स होने के लिए मन-पसंद म्यूजिक सुनें।



**अवेयरनेस**

डॉ. रेश्मा टी. विश्नानी
डर्मेटोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन
अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सफेद दाग रोग का न अब तक सटीक कारण ज्ञात हुआ है न इसका स्थायी उपचार उपलब्ध है। लेकिन सही ट्रीटमेंट के जरिए इस त्वचा रोग को कंट्रोल किया जा सकता है। कल ही वर्ल्ड विटिलिगो डे था, इस मौके पर इसके बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# विटिलिगो संभव है इसका नियंत्रण

विटिलिगो को सफेद दाग या ल्यूकोडर्मा भी कहा जाता है। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें त्वचा की रंगत चली जाती है, जिससे सफेद धब्बे बन जाते हैं। विटिलिगो को ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है, जिसका आशय है कि यह समस्या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा त्वचा की रंगद्रव्य कोशिकाओं (मेलेनोसाइट्स) पर हमला करने के कारण होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो विटिलिगो एक ऐसा रोग है, जिसमें त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। यह तब होता है, जब त्वचा में मेलेनिन नामक वर्णक बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। मेलेनिन त्वचा को रंग देता है, और जब यह कम हो जाता है, तो त्वचा पर सफेद धब्बे दिखाई पड़ने लगते हैं।

**क्या हैं कारणः** विटिलिगो के होने का प्रमुख कारण अज्ञात है, लेकिन इसे एक ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है। विटिलिगो के कारणों के बारे में शोध-अध्ययन जारी हैं। यह ऐसा त्वचा रोग है, जिसके अनेक कारण हो सकते हैं।

**आनुवंशिक कारकः** कुछ लोगों में विटिलिगो विकसित होने की संभावना अधिक होती है। खासकर यदि उनके परिवार में अतीत में किसी को विटिलिगो हो चुका है।

**तनावः** कुछ मामलों में अत्यधिक तनाव विटिलिगो को ट्रिगर कर सकता है या इसे और बदतर बना सकता है।

**पर्यावरणीय कारकः** अत्यधिक धूप में रहने से भी विटिलिगो की समस्या बढ़ सकती है या जो लोग पहले से ही इस समस्या से ग्रस्त हैं, उनकी स्थिति बदतर हो सकती है। सनबर्न जैसे पर्यावरणीय कारक भी विटिलिगो को ट्रिगर कर सकते हैं।

**अन्य बीमारियांः** थायरॉइड संबंधी समस्या, टाइप 1 मधुमेह और एडिसन रोग आदि भी विटिलिगो की समस्या बढ़ा सकते हैं या उत्पन्न कर सकते हैं।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षण यहां बताए जा रहे हैं। जब त्वचा पर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण या फिर त्वचा के किसी भाग पर रंगहीन पैच दिखाई दें, तब शीघ्र ही डर्मेटोलॉजिस्ट से परामर्श लें।



- त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे शरीर के किसी भी भाग पर हो सकते हैं।
- आमतौर पर चेहरे, गर्दन, हाथों और पैरों पर सफेद धब्बे अधिक दिखाई देते हैं।
- धब्बे आमतौर पर शरीर के दोनों तरफ दिखाई देते हैं।
- त्वचा का रंग पैच में बदल जाता है।

**रखें ध्यानः** विटिलिगो के बारे में कुछ बातों को समझना आवश्यक है।

- विटिलिगो सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर सकता है।
- यह रोग पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है।
- विटिलिगो के कारण होने वाले सफेद धब्बे सूर्य की किरणों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसलिए धूप से बचाव करना महत्वपूर्ण है।

**उपचार के तरीकेः** विटिलिगो का स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विधियों से इस त्वचा रोग को नियंत्रित किया जा सकता है, जिनसे त्वचा के रंग को वापस लाया जा सकता है। विटिलिगो के उपचार के विकल्पों में शामिल हैं-

**टॉपिकल उपचारः** विशेषज्ञ डॉक्टर आमतौर पर 'टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स' या गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसेंट आदि से उपचार शुरू करते हैं। टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स दवाएं सूजन कम करने और त्वचा के रंग को वापस लाने में मदद करती हैं। वहीं गैर-स्टेरॉयडल विकल्प लंबे समय तक उपयोग के लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि स्टेरॉयड्स की तुलना में उनके कम दुष्प्रभाव होते हैं, खासकर बच्चों के लिए या शरीर के संवेदनशील भागों के उपचार में।

**फोटोथेरेपीः** इस थेरेपी के अंतर्गत विशेष प्रकाश किरणों का उपयोग करके त्वचा के विकारों या खामियों को दूर किया जाता है।

**दवाएंः** अतीत में उपचार के विकल्प काफी कम थे, लेकिन अब ओरल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से लेकर नए गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसिव और इम्यूनोमॉडुलेटरी दवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। दवा का चयन पूरी तरह से त्वचा रोग विशेषज्ञ पर निर्भर करता है। दवाओं को नियमित लेना जरूरी है। इन दवाओं का त्वचा रोग विशेषज्ञ के परामर्श से उपयोग किया जाए तो वे विटिलिगो के बढ़ने को काफी हद तक रोक सकती हैं।

**सर्जिकल विकल्पः** अनेक मामलों में सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, जहां अन्य उपचार असरदार नहीं होते। विटिलिगो के उपचार के लिए, त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श करना महत्वपूर्ण है,जो मरीज की स्थिति का मूल्यांकन कर उपयुक्त उपचार योजना बना सकता है। स्थिर विटिलिगो वाले मरीजों के लिए, पंच ग्राफ्टिंग, सक्शन ब्लिस्टर ग्राफ्टिंग और एडवांस्ड नॉन-कल्चर्ड मेलानोसाइट सस्पेंशन तकनीक सहित कई सर्जिकल उपचार उपलब्ध हैं।

गौरतलब है कि पंच ग्राफ्टिंग विटिलिगो के उपचार की एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें शरीर के स्वस्थ हिस्से से त्वचा के छोटे-छोटे टुकड़े लेकर विटिलिगो से प्रभावित क्षेत्र में प्रत्यारोपित किए जाते हैं। इस प्रक्रिया से त्वचा के रंग को बहाल करने और विटिलिगो के धब्बों को कम करने में मदद मिलती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### दूर करें गलतफहमियां

**मिथः** एक गंभीर बीमारी है विटिलिगो।
**तथ्यः** विटिलिगो गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन यह व्यक्ति के शारीरिक सौंदर्य को प्रभावित कर सकती है।
**मिथः** विटिलिगो एक संक्रामक रोग है।
**तथ्यः** विटिलिगो संक्रामक नहीं है। इस कारण यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।
**मिथः** विटिलिगो कैंसर का कारण बनता है।
**तथ्यः** विटिलिगो का कैंसर से कोई संबंध नहीं है।
**मिथः** विटिलिगो केवल गोरी त्वचा वाले लोगों को होता है।
**तथ्यः** विटिलिगो किसी भी उम्र या किसी भी रंग की त्वचा वाले व्यक्ति को हो सकता है।
**मिथः** विटिलिगो का कोई इलाज नहीं है।
**तथ्यः** फिलहाल विटिलिगो का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विकल्प मौजूद हैं जो इस बीमारी के लक्षणों को प्रबंधित या नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।
**मिथः** मछली और दूध एक साथ खाने से विटिलिगो होता है।
**तथ्यः** यह गलत धारणा है। विटिलिगो एक ऑटोइम्यून बीमारी है और इसका खाद्य पदार्थों से कोई संबंध नहीं है।



# अंबानी और अदाणी ने दूसरी बार ईंधन बेचने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने एक-दूसरे के ईंधन खुदरा नेटवर्क का लाभ उठाकर वाहन ईंधन बेचने के लिए साझेदारी की है।

■ दोनों खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर करेंगे स्थापित

यह दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग है। ब्रिटेन की बीपी के साथ अंबानी का ईंधन उद्यम जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर स्थापित करेगा।

### पिछले साल मार्च में बिजली के लिए हुआ था करार :

हाल के महीनों में यह दूसरी बार है जब देश के दो प्रमुख अरबपति उद्योगपति एक साथ आए हैं। पिछले साल मार्च में, दोनों ने मध्यप्रदेश में एक बिजली परियोजना के लिए अपने पहले सहयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग

### गुणवत्ता वाले ईंधन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी



इसमें कहा गया, "इस साझेदारी के तहत, चुनिंदा एटीजीएल ईंधन आउटलेट जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले तरल ईंधन (पेट्रोल और डीजल) की पेशकश करेंगे, जबकि चुनिंदा जियो-बीपी ईंधन आउटलेट एटीजीएल के अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के भीतर एटीजीएल के सीएनजी डिस्पेंसर को एकीकृत करेंगे। इस प्रकार परिवहन उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी।"

### अंबानी ने मप्र में अदाणी पावर में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

अंबानी की कंपनी रिलायंस ने मध्यप्रदेश में अदाणी पावर की परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी और संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### जियो-बीपी व एटीजीएल में करार

बयान के अनुसार, "अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) और जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड के परिचालन ब्रांड) ने आज (बुधवार) भारतीय उपभोक्ताओं के लिए वाहन ईंधन खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।"

### जियो-बीपी के देशभर में 1972 पेट्रोल पंप

इस साझेदारी के तहत समूह की मौजूदा और भविष्य की, दोनों इकाइयां आएंगी। जियो-बीपी के पास देशभर में 1,972 पेट्रोल पंप हैं, जबकि एटीजीएल 34 भौगोलिक क्षेत्रों में 650 सीएनजी स्टेशनों का नेटवर्क संचालित करती है।

## देश के प्रतिष्ठित तीन विश्वविद्यालयों से एकसाथ एमओयू हस्ताक्षरित



**हरिद्वार।** आज पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं देश के तीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा, चिकित्सा, योग, आयुर्वेद, कौशल विकास, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं अन्य क्षेत्रों में परस्पर सहयोग हेतु एमओयू साइन किया गया।

इस अवसर पर प्रो.इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलगुरु, राजाशंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, डॉ. संजय तिवारी, कुलगुरु, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं प्रो. भरत मिश्रा, कुलगुरु, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, मध्य प्रदेश की उपस्थिति रही। सभी विद्वजनों ने पतंजलि में हो रहे राष्ट्र निर्माण के कार्यो की प्रशंसा की।

इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि द्वारा किए जा रहे इतिहास लेखन, वनस्पति शास्त्र लेखन, निदान ग्रन्थ, विश्व भेषज संहिता सहित अन्य शास्त्रों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि ऋषि क्रांति, योग क्रांति तथा शिक्षा क्रांति का यह सफ़र देश के लाखों लोगो को इसी प्रकार लाभान्वित करता रहेगा ऐसा हमे पूर्ण विश्वास है।

## रेपो दर में कटौती से घर खरीदना हुआ आसान



**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में मुंबई घर खरीदने के लिहाज से सबसे कम किफायती है, लेकिन हाल में कर्ज पर ब्याज दरों में कटौती ने इसे 2010 के बाद से सबसे किफायती बना दिया है। रिपोर्ट में कहा कि मुंबई सूचकांक के इतिहास में पहली बार 50 प्रतिशत के स्तर से नीचे आया है, जिसे सामर्थ्य की बाहरी सीमा माना जाता है। मुंबई में सामर्थ्य सूचकांक वर्ष 2025 की पहली छमाही में 48 प्रतिशत पर आ गया जो वर्ष 2024 में 50 प्रतिशत पर था। यह 2010 के बाद से सबसे कम सामर्थ्य स्तर है जब सूचकांक लगभग 95 प्रतिशत था। यह सूचकांक आवासीय ऋण की समान मासिक किस्त (ईएमआई) को एक औसत घर के लिए जरूरी आय के अनुपात में मापता है।


## चीन से आयातित छह उत्पादों पर भारत का डंपिंग-रोधी शुल्क




**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित छह उत्पादों पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), सजावटी कागज और टर्टिएयरी बुटाक्साइड पर लगाया गया है। राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं।

## जियोहॉटस्टार पहुंचा नेटफ्लिक्स के करीब

एजेंसी ⏭ मुंबई




■ उपभोक्ता संख्या हुई 30 करोड़

ऑनलाइन मंच जियोहॉटस्टार ने बुधवार को कहा कि उसके कुल उपभोक्ताओं की संख्या 30 करोड़ को छू गई है। यह आंकड़ा वैश्विक ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स की अंतिम रिपोर्ट में दी गई उपभोक्ता की संख्या 30.163 करोड़ से कुछ ही कम है।

मीडिया की एक खबर के अनुसार, हाल ही में संपन्न हुए टाटा आईपीएल के संस्करण से ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। फरवरी में उपभोक्ता की संख्या मात्र पांच करोड़ थी। जियोस्टार के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (खेल एवं लाइव अनुभव) संजोग गुप्ता ने बताया कि दर्शकों की उच्च संख्या ने राजस्व में भी योगदान दिया।

गुप्ता ने कहा, " हम इस आईपीएल को इस आयोजन का सबसे अधिक मुद्रीकृत संस्करण बनाने में सफल रहे हैं। विज्ञापन एवं सदस्यता राजस्व के मामले में यह भारत में अब तक का सबसे अधिक मुद्रीकृत खेल आयोजन भी है।"

जियोहॉटस्टार की रिपोर्ट के अनुसार, यह ध्यान देने योग्य बात है कि फरवरी में जियोस्टार के केवल पांच करोड़ उपभोक्ता थे। यह आंकड़ा मई में क्रिकेट लीग की शुरुआत के साथ 28 करोड़ तक पहुंच गया। दिसंबर 2024 के अंत तक नेटफ्लिक्स के पास 190 देशों में 301.6 उपभोक्ता थे, जिनमें अक्टूबर-दिसंबर 2024 में 1.8 करोड़ से अधिक उपभोक्ता जुड़े।

रिपोर्ट के अनुसार, जियोस्टार के लिए डिजिटल और टीवी माध्यमों में आईपीएल की कुल पहुंच 1.19 अरब थी और औसत दैनिक पहुंच टीवी पर 12.1 करोड़ और डिजिटल मंच पर 17 करोड़ तक रही। वहीं 12.9 करोड़ टीवी दर्शक उच्च लागत वाले स्टार स्पोर्ट्स एचडी पर थे और स्टार स्पोर्ट्स पर कुल दर्शकों में से 47 प्रतिशत महिलाएं थीं।

## रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 86.07 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर में सुधार से बुधवार को रुपये ने अपने शुरुआती लाभ को गंवा दिया और अंत में यह दो पैसे की गिरावट के साथ 86.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों के मजबूत प्रदर्शन ने स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट को रोका।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ईडी द्विवेदी बने जीएम

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक असामान्य कदम के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक (ईडी) पंकज द्विवेदी को पदानवत कर महाप्रबंधक (जीएम) बना दिया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की 27 मार्च, 2024 की अधिसूचना में कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ईडी के रूप में पंकज द्विवेदी की नियुक्ति को रद्द किया जाता है। सरकार ने उन्हें पंजाब एंड सिंध बैंक में महाप्रबंधक के रूप में उनके पिछले पद पर वापस कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि द्विवेदी के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में एक मामला लंबित है।

## कंट्री डिलाइट ने नया ओट्स बेवरेज बाजार में उतारा

**नई दिल्ली।** भारत के लोकप्रिय किचन ब्रांड कंट्री डिलाइट ने आज अपने नए ओट्स बेवरेज (पेय) को बाजार में पेश किया है। इस पेशकश के साथ कंपनी ने तेजी से बढ़ते 'प्लांट-बेस्ड पेश खंड'' में प्रवेश किया है। यह नया पेय उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो सेहत के प्रति जागरूक हैं और स्वाद से समझौता किए बिना एक पौष्टिक और विकल्प की तलाश में हैं। कंट्री डिलाइट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक चक्रधर गाडे ने कहा, हम अपने ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार कुछ नया करने की कोशिश करते हैं। ओट्स बेवरेज के ज़रिये हमारा प्रयास है कि एक ऐसा पौध आधरित और पोषक पेय उपलब्ध कराएं, जो स्वाद और गुणवत्ता में किसी समझौते के बिना सेहतमंद विकल्प दे।

## जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए समाधान योजना पेश

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के समूह, खनन दिग्गज अनिल अग्रवाल की वेदांता और डालमिया भारत सीमेंट ने दिवाला प्रक्रिया के जरिये जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण के लिए अपनी समाधान योजना प्रस्तुत की हैं। उन्होंने कहा कि जेपी इन्फ्राटेक, जिसे मुंबई स्थित सुरक्षा समूह ने अधिग्रहीत किया है, ने भी बोली लगाई है। सूत्रों ने कहा कि हालांकि बाबा रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद ने शुरुआत में रुचि दिखाने के बाद समाधान योजना पेश नहीं की।


# साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

SECL/RGH/GM/L&R/25/76 — **आम सूचना** — Date: 02.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र की जामपाली खुली खदान हेतु ग्राम – कुडुमकेला, घोघरा एवं कोसमघाट की भूमि का अर्जन सी.बी.ए. (ए एंड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, ग्राम कुडूमकेला एवं घोघरा, तहसील – घरघोड़ा, जिला – रायगढ़ के निम्नलिखित भू–प्रभावितों द्वारा अपने प्रत्यक्ष आश्रितों को नामांकित कर एस.ई.सी.एल. में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र में जमा किया है। आवेदन में भूमि के खातेदार/नामित आश्रित द्वारा संलग्न किये गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पाई गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | स्टे. V&IA के अनुसार भू-स्वामी का नाम | भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक/ग्राम | रकबा (हे. में) | नामांकन पत्र के अनुसार आश्रित उम्मीदवार का वास्तविक नाम | रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार के व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ना.बा. घुरउ व. बालकदास, ना.बा. रविन्द्र दास व. बालक दास, कचरा बाई व. बालकदास, ना.बा खीक बाई व. बालकदास, मु. सहोद्रा बेवा बालकदास, मु. हीरामणी बेवा बालकदास, मंगल दास व. प्रेमदास | **1. नामांकन & वंश वृक्ष में नाम**<br>घुराऊ व. बालकदास उर्फ ना.बा. घुराऊ व. बालकदास उर्फ घुराऊ दास, रविन्द्र दास उर्फ ना.बा. रविन्द्र दास व. बालक दास, कचरा बाई (पति सुन्दर दास) पिता बालकदास उर्फ कचरा बाई व. बालकदास, खीक बाई उर्फ ना.बा. खीक बाई व. बालकदास, सहोद्रा बेवा बालकदास उर्फ मु. सहोद्रा बेवा बालक दास, हिरामणी उर्फ हिरामनी बेवा बालकदास, मंगलदास व. प्रेमदास<br>**2. राजस्व दस्तावेजों में नाम**<br>ना.बा. घुराऊ व. बालक दास, ना.बा. रविन्द्र दास उर्फ ना.बा. रविन्द्र दास व. बालक दास, कचरा बाई व. बालक दास, ना.बा. खीक बाई व. बालक दास, मु. सहोद्रा बेवा बालक दास, मु. हिरामणी उर्फ हिरामती बेवा बालक दास, मंगल दास व. प्रेमदास<br>**3. राजस्व आदेश/नामांतरण पंजी में नाम**<br>घुराउ आ स्व. बालक दास उर्फ घुराउदास उर्फ ना.बा. घुराऊ व. बालक दास, रविन्द्र दास पिता बालक दास उर्फ रविन्द्र उर्फ रविन्द्र आ. स्व. बालक दास, कचरा बाई उर्फ कचरा आ. स्व. बालक दास, खीक बाई आ. स्व. बालक दास, सहोद्रा बाई उर्फ श्रीमती सहोद्रा पति स्व. बालक दास, हीरामनी उर्फ श्रीमती हीरामति पति स्व. बालक दास, मंगल दास आ. प्रेमदास<br>**4. आधार कार्ड में नाम**<br>घुराउ दास आ. बालक दास, रविन्द्र दास आ. बालक दास, कचरा बाई महन्त पति सुन्दर दास महन्त, खीक बाई आ. बालक दास, सहोद्रा महंत पति बालक दास, हीरामनी महंत पति बालक दास महंत, मंगल दास महंत पिता प्रेमदास<br>**5. वोटर आईडी में नाम**<br>घुराऊ दास पिता बालक दास, रविन्द्र दास पिता बालक दास, कचरा बाई पनिका पति सुन्दर दास पनिका, खिक बाई महंत माता हिरामणि महंत, सहोद्रा महंत पति बालक दास महंत, हीरामती महंत पति बालक दास महंत, मंगल दास महंत पिता प्रेमदास महंत<br>**6. राशन कार्ड में नाम**<br>घुराउ महंत उर्फ घुराउ दास महंत, रवीन्द्र दास, कचरा बाई महन्त पति सुन्दर दास महंत, खीक बाई, सहोद्रा महंत, हीरामनी महंत पति बालक राम, मंगल दास उर्फ मंगल दास महंत<br>**7. ट्रिब्यूनल आदेश/बैंक पास बुक में नाम**<br>घुरउ व. बालक दास उर्फ घुराउ दास पिता बालक दास उर्फघुरउ दास महन्त S/o स्व. बालक दास महन्त, रविन्द्र दास व. बालक दास, श्रीमती कचरा बाई पिता बालक दास, खीक बाई व. बालक दास, श्रीमती सहोद्रा बेवा बालक दास, श्रीमती हीरामणी बेवा बालकदास, मंगल दास व. प्रेमदास उर्फ मंगल दास महंत | 349/3<br>--------<br>01<br>ग्राम - कुडुमकेला | 4.047<br>--------<br>4.047 हे. = 10.00 एकड़ | 1) दिलवर दास पिता मंगल दास<br>2) रविशंकर दास पिता मंगल दास<br>3) त्रिलोचन पिता मंगल दास<br>4) घुराऊ दास पिता बालक दास<br>5) रविन्द्र दास पिता बालक दास | **1. नामांकन & वंश वृक्ष में नाम**<br>दिलवर दास पिता मंगल दास, रविशंकर दास पिता मंगल दास, त्रिलोचन पिता मंगल दास, घुराऊ दास पिता बालक दास, रविन्द्र दास पिता बालक दास<br>**2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम**<br>दिलवर दास पिता मंगल दास, रबिशंकर आ. मंगल दास उर्फ रविशंकर दास पिता मंगल दास, त्रिलोचन पिता मंगल दास, घुराऊ दास पिता बालक दास, रविन्द्र दास पिता बालक दास<br>**3. आधार कार्ड में नाम**<br>दिलवर दास आ. मंगल दास, रविशंकर दास आ. मंगल दास महंत, त्रिलोचन पिता मंगल दास, घुराउ दास आ. बालक दास, रविन्द्र दास आ. बालक दास<br>**4. परिचय पत्र में नाम**<br>दिलवर दास पिता मंगल दास, रविशंकर दास पिता मंगल दास महंत, त्रिलोचन पिता मंगल दास, घुराऊ दास पिता बालक दास, रविन्द्र दास पिता बालक दास<br>**5. राशन कार्ड में नाम**<br>दिलवर दास, रवीदास महंत, त्रिलोचन महंत, घुराउ महंत उर्फ घुराउ दास महंत, रवीन्द्र दास<br>**6. जाति प्रमाण पत्र में नाम**<br>दिलवर दास पिता मंगल दास, रविशंकर दास पिता मंगल दास, त्रिलोचन पिता मंगल दास, घुराऊ दास पिता बालक दास, रविन्द्र दास पिता बालक दास<br>**7. निवास प्रमाण पत्र में नाम**<br>दिलवर दास पिता मंगल दास, रविशंकर दास पिता मंगल दास, त्रिलोचन पिता मंगल दास, घुराऊ दास पिता बालक दास, रविन्द्र दास पिता बालक दास | भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत। |
| 2 | रामकुमार व. मदन | **1. नामांकन & वंश वृक्ष में नाम**<br>रामकुमार उर्फ रामकुमार डनसेना पिता मदन उर्फ मदन लाल डनसेना<br>**2. राजस्व दस्तावेजों में नाम**<br>रामकुमार व. मदन<br>**3. आधार कार्ड में नाम**<br>रामकुमार डनसेना पिता मदन लाल डनसेना<br>**4. परिचय पत्र में नाम**<br>रामकुमार पिता मदन लाल<br>**5. राशन कार्ड में नाम**<br>रामकुमार डनसेना<br>**6. बैंक पास बुक/चेक में नाम**<br>रामकुमार डनसेना उर्फ रामकुमार व. मदन लाल डनसेना उर्फ मदन | 206/2<br>--------<br>कुल – 01<br>ग्राम - कुडुमकेला | 1.416<br>--------<br>1.416 हे. = 3.499 एकड़ | आशीष डनसेना पिता रामकुमार डनसेना | **1. नामांकन & वंश वृक्ष में नाम**<br>आशीष डनसेना पिता रामकुमार डनसेना उर्फ रामकुमार<br>**2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम**<br>आशीष डनसेना पिता रामकुमार डनसेना<br>**3. आधार कार्ड में नाम**<br>आशीष डनसेना पिता रामकुमार डनसेना<br>**4. परिचय पत्र में नाम**<br>आशीष डनसेना पिता रामकुमार डनसेना<br>**5. राशन कार्ड में नाम**<br>आशीष कुमार डनसेना<br>**6. जाति प्रमाण पत्र में नाम**<br>आशीष डनसेना पिता रामकुमार डनसेना<br>**7. निवास प्रमाण पत्र में नाम**<br>आशीष डनसेना पिता रामकुमार डनसेना | भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत। |
| 3 | घुरसाय व. चमरु, बुधवारो व. चमरु, समारी व. चमरु, असुनमोती व. चमरु, बाबुलाल व. बुधु, सुकलाल व. बुधु, बोधराम व. संगराम<br>**वर्तमान भूमिस्वामी/विधक वरिशान**<br>घुरसाय व. चमरु, बुधवारो व. चमरु, लम्बोदर यादव (माँ समारी) पिता पंचराम यादव, रांगी यादव (माँ समारी) पति संतोष यादव, जेलो राठिया (माँ समारी) पति छबिलाल राठिया, लक्ष्मी बाई यादव (माँ असुनमोती) पति जयनाथ यादव, कान्ति बाई यादव (माँ असुनमोती) पति शोभाराम यादव, सुकांति रावत (माँ असुनमोती) पति बीरसिंह, बाबुलाल व. बुधु, सुकलाल व. बुधु, मस्तुराम रावत व. बोधराम रावत, देवमती यादव (पति घासियाराम) व. बोधराम, दिलमोती यादव (पति जगतराम यादव) व. बोधराम, दिव्या (माँ स्व. इन्द्रो) पिता पदूमलाल, विष्णु (माँ स्व. इन्द्रो) पिता पदुमलाल, दिग्विजय (माँ स्व. इन्द्रो) पिता पदुमलाल, मुंगाई रावत (पति गिरधारी लाल रावत) व. उदयराम, सनकुमारी बेवा निरंजन, ना.बा. साहिल पिता स्व. निरंजन, यशवंत यादव (माँ आसमोती) पिता कार्तिकेश्वर यादव, बबलेश्वर यादव (माँ आसमोती यादव) पिता कार्तिकेश्वर यादव, | **1. नामांकन & वंश वृक्ष में नाम**<br>घुरसाय व. चमरु, बुधवारो राउत (पिता चमरु) पति संतराम, लम्बोदर यादव (माँ समारी) पिता पंचराम यादव, रांगी यादव (माँ समारी) पति संतोष यादव तथा रांगी माँ समारी, जेलो राठिया (माँ समारी) पति छबिलाल राठिया, लक्ष्मी बाई यादव (माँ असुनमोती) पति जयनाथ यादव, कान्ति बाई यादव (माँ असुनमोती) पति शोभाराम यादव, सुकान्ती रावत (माँ असुनमोती) पति बीर सिंह रावत, बाबुलाल रावत व. बुधु राउत, सुकलाल यादव व. बुधु यादव, मस्तूराम रावत व. बोधराम रावत, ना.बा. दिव्या (माँ स्व. इन्द्रो) पिता पदुमलाल, ना.बा. साहिल पिता स्व. निरंजन, मुंगाई रावत (पी. उदय राम) पति गिरधारी लाल रावत, यशवंत यादव (माँ आसमोती) पिता कार्तिकेश्वर यादव, बबलेश्वर यादव (माँ आसमोती) पिता कार्तिकेश्वर यादव, देवमोती यादव (पिता बोधराम) पति घसिया राम, दिलमोती यादव (पिता बोधराम) पति जगत राम यादव,<br>**2. नामांतरण पंजी में नाम**<br>घुरदास पि. चमरु, बुधवारो उर्फ वुधवारो व. चमरु<br>**3. राजस्व दस्तावेजों में नाम**<br>घुरसाय व. चमरु, बुधवारो उर्फ बुधवारों व. चमरु, लक्ष्मी माता अनुनमोती, कान्ती माता अमुनमोती रावत, सुकान्ति माता अगुनमोती रावत, बाबुलाल व. बुधु, सुकलाल व. बुधु, मसतूराम पिता बोधराम, देवमती व. बोधराम, दिलमोती व. बोधराम<br>**4. नामांतरण पंजी/राजस्व आदेश में नाम**<br>लम्बोदर माता समारी, रांगी माता समारी, जेलो माता समारी, लक्ष्मी माँ अमुनमोती उर्फ अगुनमोती उर्फ असुनमोती, कान्ति माँ अमुनमोती उर्फ अगुनमोती उर्फ असुनमोती, सुकान्ति माँ अमुनमोती उर्फ अगुनमोती उर्फ असुनमोती, बाबुलाल व. बुधु, सुकलाल उर्फ शुकलाल उर्फ सुखलाल व. बुधु, मसतूराम पिता बोधराम, ना. बा. दिव्या यादव उर्फ ना. बा. दिव्या माता इन्द्रो, ना.बा. साहिल, मुंगई व. उदेराम उर्फ उदयराम, यशवन्त माँ आसमोती, बलेश्वर उर्फ बबलेश्वर उर्फ ना.बा. बबलेश्वर माँ आसमोती, पालक भाई यशवन्त माँ आसमोती, देवमोती उर्फ देवमती व. बोधराम, दिलमोती उर्फ दिलमती व. बोधराम,<br>**5. आधार कार्ड में नाम**<br>घुरसाय व. स्व. चमरु, बुधवारो राउत पति स्व. संतराम, लम्बोदर यादव पिता पंचराम यादव, रांगी यादव पति संतोष यादव, जेलो राठिया पति छबिलाल राठिया, लक्ष्मी बाई यादव पति जयनाथ यादव, कान्ति बाई यादव पति शोभाराम यादव, सुकांति रावत पति बीर सिंह रावत, बाबुलाल रावत व. बुधु राउत, सुकलाल यादव पिता बुधू यादव, मस्तूराम रावत पिता बोधराम रावत, दिव्या पिता पदुम लाल, साहिल पिता निरंजन, मुंगाई राऊत पति गिरधारी लाल रावत, यशवंत यादव पिता कार्तिकेश्वर यादव, बबलेश्वर यादव पिता कार्तिकेश्वर यादव, देवमोती यादव पति घसिया यादव, दिलमोती यादव पति जगत राम<br>**6. परिचय पत्र में नाम**<br>घुरसाय रावत पिता चमरु रावत, बुधवारो रावत पति चमरु रावत, लम्बोदर पि. पंचराम, रांगी यादव पति संतोष यादव, जेलो राठिया पति छबिलाल राठिया, लक्ष्मी बाई यादव पति जयनाथ यादव, कान्ति बाई यादव पति शोभाराम यादव, सुकांति रावत पति बीर सिंह रावत, बाबुलाल रावत व. बुधु रावत, सुकलाल यादव पिता बुटु यादव, मस्तूराम रावत पिता बोधराम रावत, मुंगाई बाई राऊत पति गिरधारी राऊत, यशवंत कुमार यादव पिता कर्तिकेश्वर यादव, बबलेश्वर यादव पिता कर्तिकेश्वर यादव, देवमोती यादव पति घसिया राम, दिलमोती पति जगत राम<br>**7. राशन कार्ड में नाम**<br>घुरसाय उर्फ घुरसाय रावत, बुधवारो राउत पति संतराम यादव, लम्बोदर, रांगी यादव, जेलो राठिया पति छबिलाल, लक्ष्मी बाई यादव पति जयनाथ यादव, कान्ति बाई पति शोभाराम, सुकांति रावत पति बीर सिंह रावत, सुकलाल, मस्तूराम उर्फ मस्तुराम रावत, दिव्या, मुगाई रावत पति गिरधारी लाल रावत, एशवंत, बबलेश्वर यादव, देवमोती यादव पति घसिया राम यादव, दिलमोती पति जगत राम<br>**8. बैंक पास बुक/चेक में नाम**<br>घुरसाय व. चमरु, बुधवारो व. चमरु, लम्बोदर माँ समारी, रांगी माँ समारी, जेलो माँ समारी, लक्ष्मी माँ अमुनमोती, कान्ति माँ अमुनमोती, सुकान्ति माँ अनुमोती, बाबुलाल व. बुधू, सुकलाल व. बुधू, मस्तुराम व. बोधराम, यशवंत माँ आसमोती, ना.बा. बबलेश्वर माँ आसमोती, देवमती व. बोधराम, दिलमति व. बोधराम | 12<br>--------<br>कुल - 01<br>ग्राम - घोघरा | 3.982<br>--------<br>3.982 हे. = 9.840 एकड़ | 1) सुधीर यादव व. घुरसाय<br>2) ईश्वर व. मस्तुराम<br>3) शिवप्रसाद व. रमेश कुमार<br>4) अजय यादव व. सत्यनारायण<br>5) संदीप कुमार व. सुशील कुमार | **1. नामांकन & वंश वृक्ष में नाम**<br>सुधीर यादव पिता घुरसाय, ईश्वर पिता मस्तूराम, शिव प्रसाद पिता रमेश कुमार, अजय यादव पिता सत्यनारायण, संदीप कुमार पिता सुशील कुमार<br>**2. शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम**<br>सुधीर यादव पिता घुरसाय, ईश्वर आ. मस्तू राम, शिव प्रसाद पिता रमेश कुमार, अजय यादव पिता सत्यनारायण, संदीप कुमार पिता सुशील कुमार<br>**3. आधार कार्ड में नाम**<br>सुधीर यादव पिता घुरसाय यादव, ईश्वर आ. मस्तू राम, शिव प्रसाद आ. रमेश कुमार, अजय यादव आ. सत्यनारायण रावत, संदीप कुमार पिता सुशील कुमार<br>**4. परिचय पत्र में नाम**<br>सुधीर यादव पिता घुरसाय यादव, ईश्वर रावत पिता मस्तु राम रावत, शिव प्रसाद रावत पिता रमेश कुमार रावत, अजय यादव पिता सत्यनारायण यादव<br>**5. राशन कार्ड में नाम**<br>सुधीर यादव, ईश्वर राउत, अजय रावत, संदीप रावत,<br>**6. जाति प्रमाण पत्र में नाम**<br>सुधीर यादव पिता घुरसाय यादव, ईश्वर आ. मस्तू राम, शिव प्रसाद पिता रमेश कुमार, अजय यादव पिता सत्यनारायण यादव, संदीप कुमार पिता सुशील कुमार<br>**7. निवास प्रमाण पत्र में नाम**<br>सुधीर यादव पिता घुरसाय यादव, ईश्वर पिता मस्तू राम, शिव प्रसाद पिता रमेश कुमार, अजय यादव पिता सत्यनारायण यादव, संदीप कुमार पिता सुशील कुमार | भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में एक ही व्यक्ति का भिन्न भिन्न नाम होने के संबंध में दावा आपत्ति बाबत। |
| | **सहमति दाता**<br>कार्तिकराम व. मयाराम, समेनाथ व. मयाराम | **स.क्र. 03 के सहमति दाता भूमिस्वामी**<br>**1. राजस्व दस्तावेजों में नाम**<br>कार्तिक राम व. मयाराम, समेनाथ व. मयाराम<br>**2. आधार कार्ड में नाम**<br>कार्तिक राम व. मयाराम, समेनाथ रावत आ. मायाराम रावत<br>**3. परिचय पत्र में नाम**<br>समेनाथ रावत पिता मायाराम<br>**4. राशन कार्ड में नाम**<br>समेनाथ रावत पिता मायाराम रावत<br>**5. बैंक स्टेटमेंट में नाम**<br>कार्तिक राम रावत | 451/2<br>--------<br>कुल - 01 | 0.097 हेक्ट.<br>--------<br>= 0.240 एकड़ | (कार्तिकराम व. मयाराम, समेनाथ व. मयाराम ने अपनी कुल अर्जित भूमि 0.240 एकड़ में से 0.160 एकड़ भूमि सुधीर, ईश्वर, शिवप्रसाद, अजय एवं संदीप की नौकरी में उपयोग की सहमती पश्चात शेष 0.08 एकड़ का नौकरी के बदले मुआवजा हेतु शपथमय/आवेदन जमा किया गया है) | | |

उपरोक्त तालिका में दर्शित व्यक्तियों के नाम, नामांकित व्यक्तियों के रोजगार एवं स.क्र. 03 के सहमती दाता भूमिस्वामी के बचत 0.08 एकड़ भूमि पर नौकरी के बदले मुआवजा के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रभारी अधिकारी (भू-राज.), एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत भिलाई निगम कई अच्छी योजनाओं को मूर्त रूप दिया है, लेकिन अफसरों की लापरवाही से सरकारी पैसे की बर्बादी हो रही है। ऐसी ही एक योजना है बॉयोगैस प्लांट। भिलाई निगम ने सात साल पहले लाखों रुपए खर्च कर बॉयोगैस प्लांट लगाया। यह प्लांट निगम कार्यालय के पीछे ही निगम की जगह पर ही इसलिए स्थापित किया गया कि इसका प्रापर तरीके से संचालित किया जा सके। प्लांट में बॉयोगैस सब्जी के वेस्ट मटेरियल से बनता।

## सब्जी के वेस्ट मटेरियल से बनानी थी बायोगैस

# सात साल पहले लाखों का खर्च कर लगा बायोगैस प्लांट कबाड़, अब 11 करोड़ खर्च करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

इस प्लांट के लिए निगम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 40 लाख रुपए खर्च कर दिए, लेकिन एक बार भी बॉयोगैस नहीं बना। वर्तमान में यह प्लांट कबाड़ हो गया है। इधर निगम फिर से ऐसे ही एक प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपए खर्च करने जा रही है। जोन क्रमांक 2 वैशालीनगर क्षेत्र के अंतर्गत सुंदरनगर में करीब 11 करोड़ रुपए से बॉयोगैस प्लांट का निर्माण करने की तैयारी है। निगम में ऐसे कई बेहतरीन प्रोजेक्ट है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही की वजह से दम तोड़ दिया और सरकार के लाखों रुपए बर्बाद हो गए।

### 1.5 टन क्षमता का प्लांट

सब्जी मंडी का कचरा निगम के पीछे रेलवे की जमीन की तरफ लाकर फेंक जाते थे। वेस्ट सब्जियों के सड़ने से बदबू फैलता था। इससे सीओपी जनरेट हो रहा था। इस कचरे को हर दिन अगर एसएलआरएम सेंटर लेकर जाते तो निगम को अलग से वाहन में लेकर जाने व कर्मियों का खर्च लगता। इस वजह से इसका ऑन स्पॉट ट्रीटमेंट करने की योजना बनाई और 1.5 टन क्षमता का बायोगैस प्लांट लगा।




### निगम आयुक्त राजीव पांडेय से सीधी बातचीत



**सवाल- भिलाई निगम कार्यालय के पीछे वेस्ट सब्जी मटेरियल से गैस तैयार करने के लिए बॉयोगैस प्लांट लगा था, लेकिन ये कबाड़ हो गया है।**

जवाब- मुझे इसकी जानकारी नहीं है। दिखवाना पड़ेगा।

**सवाल- पहले का बॉयोगैस प्लांट पर लाखों रुपए खर्च किए गए थे। अब जोन दो में फिर से बॉयोगैस प्लांट पर करोड़ों रुपए लगेंगे, यह सरकारी पैसे की बर्बादी है।**

जवाब- पहले की जानकारी नहीं हैं। जोन 2 में बॉयोगैस प्लांट लग रहा है उसमें निगम केवल जमीन देगी। प्लांट लगाने का खर्च भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन करने जा रही है।

**सवाल- योजनाएं तो अच्छी बनती है लेकिन बाद में इस पर ध्यान नहीं देने से आगे चल नहीं पाती।**

जवाब- मेरे संज्ञान में जो भी बातें आ रही है और जिससे निगम की आय बढ़े उसके लिए पूरी कोशिश होती है। जोन 2 व गोकुल नगर में बॉयोगैस प्लांट की रूपरेखा तैयार की जा रही है। फाइनल होगा तो एमआईसी में रखेंगे। यहां से प्रस्ताव पारित होने पर ही टेंडर प्रकिया की जाएगी।

### दो साल के लिए एजेंसी को दिया संचालन

निगम ने बायोगैस प्लांट संचालन का काम दो साल के लिए प्लांट स्थापित करने वाली एजेंसी को दे दिया। 8 लाख रुपए में यह कार्य निजी एजेंसी को निगम ने दो साल के लिए दिया। एजेंसी ने सब्जियों से बायोगैस प्लांट लगाने का काम शुरू किया। इसके बाद दो दुकानों को गैस की आपूर्ति भी की गई। इससे कुछ राशि निगम को दुकानदार जमा भी करते थे। निगम कार्यालय स्थित एक चाय दुकान वाला, दूसरा दोसा दुकान का संचालक को गैस भी दी। बायोगैस प्लांट का संचालन किस तरह से किया जा रहा है, इसका प्रशिक्षण निगम कर्मियों को भी ठेका एजेंसी ने दिया।

# माह भर पहले हत्या का प्लान, किशोर के पैर को दबा कर बैठी रही शिवानी, पति ने गला घोंटा और फिर रेत दिया

**ट्रंक कांड का खुलासा, हत्या के बाद अंकित की थी पत्नी को बचाने दिल्ली शिफ्ट करने की योजना**

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

करोड़पति किशोर पैकरा की निर्ममता पूर्वक गला घोंटकर तथा गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को रहस्य से पर्दा उठा दिया। हत्या की वजह मृतक की करोड़ों की संपत्ति पाने का लालच तथा उसके साथ पूर्व में 30 लाख रुपए के लेन-देन का विवाद है। अंकित उपाध्याय ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई थी। इसके लिए उसने अपने नाम रेका फर्जी आधार कार्ड तैयार कराया। साथ ही लाश ठिकाने लगाने के लिए एक माह पूर्व धमतरी से एक सेकेंड हैंड कार खरीदी।

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि किशोर की हत्या के आरोप में अंकित, उसकी पत्नी शिवानी शर्मा के साथ पेशे से मजदूर विनय यदु तथा सूर्यकांत यदु को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी के अनुसार अंकित वकील होने के साथ जमीन, मकान खरीदी-बिक्री करने का कार्य करता है। वर्ष 2015-16 में खरोरा निवासी चंद्रप्रकाश कुर्रे को किशोर ने अपना बजरंगनगर स्थित मकान 50 लाख रुपए में बेचा था। मकान बेचने के बाद किशोर ने चंद्रप्रकाश को कब्जा देने के बजाय उसके खिलाफ कोर्ट में आवेदन दे दिया था। इस दौरान अंकित, किशोर के संपर्क में आया और अपना परिचय वकील के रूप में दिया। साथ ही किशोर को भरोसा दिलाया कि वह हाईकोर्ट में केस दायर कर मकान वापस उसे दिला देगा। इसके एवज में अंकित, किशोर को झांसा देकर रुपए लेता रहा।

### दूसरे को मकान बेचकर पैसा अपने पास रख लिया

पूर्व में चंद्रप्रकाश को बेचे गए मकान को अंकित ने किसी दूसरे को 30 लाख रुपए में बेच दिया। मकान बिक्री की रकम किशोर को देने के बाद अंकित ने उसे शेयर बाजार में रकम निवेश करने पर दोगुना मिलने का झांसा देकर फिर अपने पास रख लिया। लंबे समय तक रुपए नहीं लौटाए जाने पर किशोर, अंकित से रुपए वापस मांगने लगा। इस पर अंकित ने किशोर को उसके खाने-पीने का खर्च के साथ देखभाल करने का झांसा दिया और रुपए लौटाने से बचता रहा। अंकित ने पूछताछ में बताया है कि लगभग एक साल से बेड में पड़े किशोर को वह नियमित भोजन देने जाता था। किशोर आए दिन लजीज खाने की मांग करता तथा पैसों के लिए ताना मारता था। इससे परेशान होकर अंकित ने सारी बातें अपनी पत्नी को बताई। इस पर उसने किशोर को रास्ते से हटाने पत्नी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

### फ्लैट किराया लेने के दो दिन बाद हत्या

किशोर की हत्या अंकित उसके हांडीपारा स्थित मकान में करना चाहता था। घनी आबादी वाला क्षेत्र होने की वजह से लाश ठिकाने लगाने के समय पकड़े जाने की आशंका थी। इसीलिए अंकित ने इंद्रप्रस्थ में किराए का फ्लैट लिया और शनिवार को किशोर को वहां लेकर आया। उसी दिन पत्नी के साथ मिलकर सोते समय किशोर की गला घोंटकर हत्या कर दी। गला घोंटने के समय शिवानी किशोर के पैर के ऊपर बैठी थी। इसके बाद अंकित ने चाकू से किशोर का गला भी रेता। हत्या करने के बाद दोनों पति-पत्नी ने मिलकर किशोर को ट्राली बैग के अंदर डाला और ऊपर से स्प्रे डालकर सत्यम विहार स्थित अपने घर आ गए।

### पैसों का लालच देकर लाश उठाने मदद ली

हत्या करने के बाद शाम के समय अंकित तथा उसकी पत्नी लाश को ठिकाने लगाने वापस किराए के फ्लैट पहुंचे। दोनों मिलकर ट्राली बैग नहीं उठा पाए। इसके बाद अंकित ने अपने परिचित के दो मजदूरों को पैसों का लालच देकर लाश ठिकाने लगाने राजी किया। रविवार को लाश से तेज बदबू आने आने लगी। बदबू से बचने एक हार्डवेयर की दुकान से 30 किलो सीमेंट लाकर लाश पर डाला और ट्रंक खरीदने गोलबाजार पहुंचे।

### पत्नी को दिल्ली शिफ्ट करने की थी योजना

हत्या कर लाश ठिकाने लगाने के बाद अंकित अपनी पत्नी को पुलिस से बचाने उसी दिन सोमवार को रात पौने नौ बजे की फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा। शिवानी ने अपने भाई को पढ़ाई के लिए दिल्ली जाने का झांसा देकर एयरपोर्ट तक छोड़ने में मदद मांगी। अंकित ने अपनी पत्नी को मामला शांत होने तक दिल्ली में रखने की प्लानिंग की थी।

### भांजे ने पहचानने से किया इनकार

मृतक किशोर की एक बहन दुर्ग में रहती है। पोस्टमार्टम होने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने पुलिस ने किशोर की बहन से संपर्क किया, तो मृतक के भांजे ने अपने मामा से किसी भी प्रकार से रिश्ता होने से इनकार करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। शव लेने से इनकार करने की वजह पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।

### दूसरी पत्नी को दूर रखा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक किशोर पूर्व से विवाहित है। पति से विवाद होने पर पहली पत्नी ने अपने दो बच्चों के साथ पति को छोड़कर किसी अन्य के साथ शादी कर ली थी, जिनकी अब मृत्यु हो चुकी है। सात-आठ साल पूर्व किशोर ने किसी अन्य महिला के साथ शादी की थी। संपत्ति हड़पने के लालच में अंकित ने किशोर को उसकी पत्नी से दूर रखने दोनों के बीच विवाद करा दिया था।

# प्रस्तावित नई शराब दुकान के विरोध में उतरे ग्रामीण कहीं धरना प्रदर्शन-कहीं निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित नई शराब दुकानों का विरोध शुरू हो गया है। इसके तहत बुधवार को ग्राम पंचायत खौली में धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें सरपंच सहित पंचायत के अन्य सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं ग्राम दोंदेखुर्द के ग्रामीणों ने मशाल रैली निकालकर प्रस्तावित शराब दुकान खोले जाने के आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की है।

आबकारी विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सात नई शराब दुकान खोलने के लिए टेंडर जारी किया है। ये दुकानें ग्राम भैंसा, समोदा, टेमरी, खौली, पलोद, दोंदेखुर्द एवं नया रायपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में खोली जानी है, लेकिन कई ग्रामों में इन शराब दुकानों का विरोध किया जा रहा है, जिनमें ग्राम पंचायत खौली और दोदेंखुर्द में सबसे ज्यादा विरोध है। ग्राम खौली में सरपंच राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में शराब दुकान का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इसके लिए गांव में धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर सहित ग्राम पंचायत के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम खौली में इससे पहले भी शराब दुकान के विरोध में सरपंच सहित ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। यहां के सरपंच राजेंद्र टंडन ने क्षेत्र के तहसीलदार एवं थाना प्रभारी पर पूर्व में आरोप भी लगा चुके हैं, वे दोनों तहसील कार्यालय में जबरदस्ती बैठा कर सत्ता की ओर से दबाव बनाकर शराब दुकान खोलने के सहमति पत्र में हस्ताक्षर कराया था। इस आरोप और ग्रामीणों के विरोध के बाद माना जा रहा था, कि इस गांव में दुकान खोले जाने का निर्णय वापस लिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विभाग ने गांव में ही दुकान खोले जाने के लिए टेंडर जारी किया है, जिसका अब ग्रामीण विरोध में उतर आए हैं।

### आदेश निरस्त नहीं होने तक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे पालक

ग्राम खौली के शासकीय स्कूल परिसर में धरना-प्रदर्शन में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालक भी शामिल हुए। इस दौरान सभी पालकों ने स्कूल के प्राचार्य को पत्र लिखे हैं, जिसमें शराब दुकान खोलने के आदेश को निरस्त नहीं किए जाने तक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने की बात लिखी है। ग्राम दोंदेखुर्द में भी नई शराब दुकान खुलेगी। सूत्रों के अनुसार इस गांव के सरपंच अशोक साहू ने शराब दुकान खोलने की सहमति दे दी है, जिसके बाद विभाग ने दुकान खोलने के लिए टेंडर जारी किया है।

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय - रायगढ़ (छ.ग.)**
E-mail: gmcraigarhhospital@gmail.com, msgmch.rgh-cg@gov.in

क्रमांक/4528/ चिकि. / क्रय / 2025-26 रायगढ़ दिनांक 23-06-2025

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ (छ.ग.) की ओर से चिकित्सालय हेतु EDL Non EDL सर्जिकल कन्ज्यूमेबल सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु ई-टेंडर वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से इच्छुक फर्म/प्रदायकर्ता/डिलर/निर्माता कंपनी से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क रु. 2000.00 (रू. दो हजार मात्र) जो वापसी योग्य नहीं है।

निविदा प्रारंभ तिथि : : दिनांक 25.06.2025 समय 10:00 AM से वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से
ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : दिनांक 14.07.2025 समय 11:59 AM के पूर्व
दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 15.07.2025 समय 03:00 PM के पूर्व
निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.07.2025 समय 04:00 PM

निविदा संबंधी में विस्तृत जानकारी www.gmcraigarh.edu.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

जी-252601788/3

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति
शासकीय चिकित्सालय - रायगढ़ (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**कार्यालयीन आदेश**

आदेश कं. 1823 / व.ले.लि./2025 कोरबा, दिनांक 30/05/2025

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) के पृ.क्रं. 4263489/ निविदा प्रकोष्ठ / 2024/357 (टी.सी.) / नवा रायपुर दिनांक 24.01.25 के परिपालन में निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 20.12.2024 सिस्टम निविदा क्रं. 163082 (प्रथम आमंत्रण) गुरसिया व्यपवर्तन योजना के फीडर टैंक, वियर नहरों व संरचनाओं का उन्नयन कार्य राशि 293.56 लाख निविदा के प्रथम आमंत्रण में एकल निविदाकार होने के फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी-252601796/5

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़ जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 14/व.ले.लि./2025-26, रायगढ़, दिनांक 06.06.2025, निविदा सिस्टम नं 199766 (प्रथम आमंत्रण), जी नम्बर-25601476 निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

1

| S.No. | Amendments | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | S. No. | Item of Work | Clubbed Quantity | Clubbed Rate | Unit | Amount |
| 1 | 12 | Item No 12 | 692.74 | 4122.95 | CUM | 2856132.00 |
| | 13 | Item No 13 | 228.38 | 3286.39 | CUM | 750546.00 |
| | 15 | Item No 15 | 556.85 | 6572.07 | CUM | 3659659.00 |
| | 16 | DELETE | | | | |

और

2

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | Online Tenders are invited up to 03.07.2025, 17:30 Hour |
| 2 | Bid Open Date and Time 04.07.2025 at 11:30 Hours. |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग रायगढ़ (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियंता
हसदेव कछार
जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.)

जी.-252601778/4

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्रमांक 170401/निविदा सूचना क्रमांक 04/वलेलि/2025-26, गरियाबंद, दिनांक 24.06.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 11.07.2025 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम - गरियाबंद जिले के विकासखण्ड फिगेश्वर की पैरी परियोजना अंतर्गत पितईबंद माईनर नहर में आर.सी.सी. ट्रॉफ नहर निर्माण, कोमा सब माईनर क्र 01 के आर.डी. 0 से 815 मी., कोमा सब माईनर क्र. 02 के आर.डी. 0 से 900 मी., पितईबंद माईनर के आर.डी. 3210 से 7850 मी., पितईबंद सब माईनर के क्र. 01 के आर.डी. 0 से 800 मी., पितईबंद सब माईनर के क्र. 02 के आर डी. 0 से 750 मी., राजिम सब माईनर के आर.डी. 0 से 1200 मी., सेम्हरतरा सब माईनर के आर.डी. 0 से 1500 मी. तक जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य तथा 02 नग व्ही.आर.बी. पितईबंद माईनर, कोमा सबमाईनर क्र. 01 में 02 नग कुलाबा एवं कोमा सबमाईनर क्र. 02 में 02 नग कुलाबा का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रूपये 323.62 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 01.07.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-252601782/1

### आंगन धोने के विवाद पर महिला से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा इलाके में आंगन धोने के विवाद पर महिला की पिटाई करने वाले बिल्लू बंजारे के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बताया जाता है कि पड़ोस में रहने वाली नंदिनी गिलहरे अपने घर के पास सफाई कर रही थी, जिस पर आरोपी को आपत्ति हुई। दोनों के बीच कहासुनी हुई और आरोपी ने महिला से मारपीट कर दी।

# शिक्षकों के किसी भी पद की अतिशेष सूची का प्रकाशन नहीं, कनिष्ठ व्याख्याता यथावत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

युक्तियुक्तकरण के दौरान काउंसिलिंग में हुई गड़बड़ियों के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षक एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन करने वाले हैं।शिक्षकों का कहना है कि रायपुर जिले के किसी भी विकासखंड व जिले में शिक्षकों के किसी भी पद की अतिशेष सूची का प्रकाशन ही नहीं किया गया। इसके कारण अतिशेष चिन्हांकित शिक्षकों के विषय में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की शुद्धता का परीक्षण नहीं किया जा सका। ऐसी स्थिति राज्य के अन्य जिलों में भी है। अतिशेष चिन्हांकित शिक्षकों को काउंसलिंग के पहले दिन रात को व्यक्तिगत रूप से अचानक सूचना दी गई। उन्हें दावा-आपत्ति का कोई अवसर नहीं दिया गया। रायपुर जिले में प्राथमिक शालाओं में उस संस्था के वरिष्ठ सहायक शिक्षकों को अतिशेष चिन्हांकित कर काउंसलिंग में बुलाया गया। कनिष्ठ सहायक शिक्षकों को उन्हीं शालाओं में यथावत रखा गया है। बुधवार को शिक्षक साझा मंच ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संचालक ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात करके ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मंच के प्रदेश संचालक मनीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे, केदार जैन, संजय शर्मा, विकास राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण के तहत काउंसलिंग के दौरान अधिकतर जगह नियमों के विपरीत प्रक्रिया अपनाई गई। शिक्षक साझा मंच ने गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। दोषी अधिकारियों को चिन्हांकित कर कार्यवाही नहीं होने एवं त्रुटि में सुधार नहीं होने पर सभी ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** — अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** — कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**धनु** — विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** — कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।


## शब्द पहेली - 5909



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति, चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -5908 का हल



## सूडोकु नवताल- 5919

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5918 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

भारत निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में जुटा हुआ है। 22 साल बाद राज्य में वोटर लिस्ट का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से हाल ही में कैलेंडर जारी किया गया। इससे संकेत लगाए जा रहे हैं कि इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव दिवाली और छठ पूजा महापर्व के बाद कराए जा सकते हैं।

## 22 साल बाद गहन पुनरीक्षण में जुटा आयोग

# बिहार में चुनाव छठ के बाद! सितंबर में जारी होगी वोटर लिस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले दिनों जारी हुए चुनाव आयोग के कैलेंडर के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधित किए जाने के आवेदन लेने का काम बुधवार 25 जून से शुरू कर दिया गया है। यह कार्य लगभग एक महीने तक चलेगा। 26 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) वोटर लिस्ट को संशोधित करेंगे। इन आवेदनों के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 1 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। फिर अगले एक महीने यानी 1 सितंबर 2025 तक इस पर दावा-आपत्तियां मांगी जाएंगी। दावा-आपत्तियों का निबटारा करने के बाद 30 सितंबर को फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित कर दी जाएगी।

**तीन चरणों में होगा मतदान :** चुनाव आयोग की तैयारियों को देखते हुए यह कयास लगाए जा रहे हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान दिवाली और छठ पूजा के बाद शुरू हो सकता है। क्योंकि 30 सितंबर तक मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसके बाद अक्टूबर के पहले सप्ताह में भी चुनाव कार्यक्रम घोषित होता है, तो इसके कम से कम एक-दो दिन बाद से चरणवार नोटिफिकेशन निकलेंगे। इस बार विधानसभा चुनाव दो से तीन चरणों में हो सकते हैं। 1 अक्टूबर को भी कार्यक्रम का ऐलान होता है और अगले दिन से पहले चरण की अधिसूचना आ जाए तो पहले चरण का नामांकन 9 अक्टूबर तक, 10 अक्टूबर को जांच, 12 तक नाम वापसी और 26 अक्टूबर को मतदान का योग बनता है। मगर 28 अक्टूबर तक छठ महापर्व चलने के कारण मतदान की तारीख इसके बाद ही रखी जाएगी।

**मौजूदा विस का कार्यकाल 22 नवंबर तक :** बिहार विस का कार्यकाल 23 नवंबर 2020 को शुरू हुआ था। इसका कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को खत्म हो रहा है। आयोग को इससे पहले नई विधानसभा के लिए चुनाव कराकर उसका परिणाम जारी करना होगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि छठ पूजा के बाद अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में मतदान शुरू कर 15 नवंबर तक इसके नतीजे जारी किए जा सकते हैं।

### मतदाता सूची में संशोधन का काम बुधवार से हो गया शुरू

#### अक्टूबर के पहले सप्ताह में घोषणा

सितंबर 2025 तक बिहार में वोटर लिस्ट का काम पूरा कर लिया जाएगा। मतदाता सूची फाइनल होने के बाद अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की जा सकती है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। पूर्व में सितंबर महीने में ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण होने के चलते इसमें थोड़ा ज्यादा समय लग सकता है।




#### अक्टूबर में दिवाली और छठ

इस साल अक्टूबर महीने में दीपावली और छठ महापर्व पड़ रहा है। 21 अक्टूबर को दिवाली है। फिर 25 से 28 अक्टूबर को छठ पूजा मनाई जाएगी। छठ पूजा बिहार वासियों के लिए लोकआस्था का महापर्व है। चुनाव आयोग इसे ध्यान में रखते हुए असेंबली इलेक्शन की तारीखों की घोषणा करेगा। ऐसे में पूरी संभावना है कि छठ महापर्व के बाद ही बिहार चुनाव के लिए मतदान हो।

## बैंकों को अपनी ग्राहक सेवाओं में और सुधार करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा है कि बैंक अब अधिक स्थिर और स्वस्थ हैं, लेकिन ग्राहक सेवा के मामले में सुधार की गुंजाइश है।



उन्होंने बुधवार को पंजाब एंड सिंध बैंक के 118वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, "आज बैंक अधिक स्थिर और स्वस्थ हैं। हालांकि, सभी क्षेत्रों में अच्छी ग्राहक सेवाएं दी जा रही हैं, लेकिन हर व्यक्ति के चेहरे पर वास्तविक मुस्कान लाने के लिए अब भी सुधार की गुंजाइश है। इस मौके पर बैंक ने बेहतर ग्राहक अनुभव और निर्बाध डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजायन की गईं नई और स्मार्ट शाखाओं की एक श्रृंखला शुरू की।

## यूपी सरकार को पांच लाख रुपये हर्जाना देने का निर्देश

# जमानत के बावजूद रिहाई नहीं, भड़का सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश जेल प्राधिकरण को फटकार लगाई और जमानत के बावजूद आरोपी की रिहाई न होने पर नाराजगी जाहिर की। आरोपी को बीती 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।



आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था।जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे आरोपी को हर्जाने के तौर पर पांच लाख रुपये दें। आरोपी को बीती 24 जून को गाजियाबाद की जेल से रिहा कर दिया गया।

उत्तर प्रदेश जेल प्रशासन के निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में पेश हुए। पीठ ने नाराज होते हुए पूछा कि 'आपके अधिकारियों की संवेदनशीलता पर आपका क्या कहना है?' पीठ ने कहा कि अधिकारियों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले नागरिक अधिकारों की अहमियत के बारे में संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'आजादी बेहद ही कीमती और अहम अधिकार है, जिसकी गारंटी हमारा संविधान देता है।'

### जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि आरोपी को मंगलवार को जेल से रिहा कर दिया गया और इस बात की जांच की जा रही है कि आरोपी की रिहाई में देरी क्यों हुई। इस पर अदालत ने कहा कि इसकी जांच गाजियाबाद के मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश द्वारा की जानी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने को भी कहा। आरोपी ने दावा किया कि उसे धर्मांतरण विरोधी कानून की एक उपधारा के चलते रिहा नहीं किया गया क्योंकि जमानत आदेश में इसका जिक्र नहीं था।

# पाक आतंकियों ने फिर की घुसपैठ की कोशिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान अपने नापाक हरकतों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहा है। वहीं, सुरक्षाबल लगातार उन्हें मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद एक बार फिर से दहशतगर्द घाटी में एक्टिव होने में जुटे हैं। बीते दिन (मंगलवार) को भारतीय सेना राजौरी जिले के केरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी आतंकियों की बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है।कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी को ढेर कर दिया और एक को घायल कर दिया है। मारे गए पाकिस्तानी आतंकी का बॉडी नियंत्रण रेखा के पास पड़ा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है। वहीं, घायल आतंकी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भाग गया। घने जंगल की आड़ में क़रीब तीन से चार आतंकियों का समूह भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जिससे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। घाटी में बढ़ते आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर राजौरी, पुंछ, सांबा और कठुआ में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया है। पीटीआई के अनुसार, सैनिकों ने दहशतगर्दों पर क़रीब दो दर्जन राउंड फायरिंग की और ड्रोन की तैनाती की है। सीआरपीएफ, स्थानीय पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स की संयुक्त टीमों ने मंगलवार सुबह ६ बजे से शाम तक आतंकियों की तलाश में तलाशी अभियान चलाया।

## खड़गे ने किया थरूर पर तंज

# 'कुछ लोगों के लिए मोदी पहले हैं और देश बाद में'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पिछले कुछ महीनो में कई मौकों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। इन्हीं तारीफों को लेकर कांग्रेस में असमंजस की स्थिति है और कई नेताओं ने खुलकर थरूर पर निशाना भी साधा है।

इसी कड़ी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी एक बयान में कह दिया है कि कुछ लोगों के लिए मोदी पहले आते हैं और देश बाद में। असल में थरूर ने अखबार के लिए कुछ दिनों पहले एक लेख लिखा था और उसमें पीएम मोदी की तारीफ की गई। उसी को लेकर खड़गे ने कहा कि मैं अंग्रेजी नहीं पढ़ सकता हूं, लेकिन उनकी भाषा काफी अच्छी है। इसी वजह से हमारी तरफ से उन्हें कांग्रेस पार्टी की वर्किंग कमेटी का हिस्सा बनाया गया था। लेकिन मैं यहां पर एक बात साफ कर दूं कि हम सभी, पूरा विपक्ष आर्मी के साथ, सरकार के साथ आया था। हम तो हमेशा से ही कह रहे हैं कि देश सबसे पहले रहना चाहिए। लेकिन कुछ लोगों के लिए मोदी ज्यादा प्राथमिकता रखते हैं, उसके बाद देश आता है।

### उड़ने के लिए इजाजत नहीं चाहिए : थरूर

अब खड़गे के इसी बयान को लेकर शशि थरूर का एक क्रिप्टिक पोस्ट सामने आया है जहां पर उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उनकी तरफ से बिना नाम लिए भी काफी कुछ कह दिया गया है। थरूर ने अपनी पोस्ट में कहा कि उड़ने के लिए किसी तरह की इजाजत नहीं चाहिए होती है, पंख आपके होते हैं और आसमान किसी का भी नहीं। वैसे जानकारी के लिए बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही शशि थरूर ने एक अहम भूमिका निभाई है। कई देशों में जो प्रतिनिधिमंडल गए थे, वहां भी थरूर की सक्रियता देखने लायक रही। उन्होंने न सिर्फ सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा बल्कि कई मौकों को पर पाकिस्तान को भी एक्सपोज किया, उनकी तरफ से पीएम मोदी के नेतृत्व की भी तारीफ की गई।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्र. 1553/लो.क.वि/न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनाँक 25.6.25

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना पत्र**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा छातामुड़ा स्कूल मैदान बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" में दिनाँक 8.7.2025 तक दरें आमंत्रित है। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com का अवलोकन कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, रायगढ़

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग बिलासपुर**

क-का.अभि./सं./सं./ संभाग/1742 / बिलासपुर, दिनांक: 25.06.2025

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है बिल्हा/बरतोरी वितरण केंद्र के अंतर्गत निम्नांकित 33 केव्ही फीडर में मानसून पूर्व मेंटनेंस के लिये दशाई गई तिथि में प्रातः 09:00 बजे से 02:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसका समय आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है. असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 26.06.2025 | गुरुवार | 33 केव्ही सरगाँव फिडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मोहदा एवं खरकेना से संबंधित उपभोक्ता एवं HT उपभोक्ता एसोसिएट माइनिंग, सालासर पालीमर, ऊषा ग्लास, नर्मदा फास्फेट, गुप्ता स्टोन,, कैलाशवंती एग्रो, आदि। |
| 2. | 28.06.2025 | शनिवार | 33 केव्ही नोवा फिडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सकर्रा, कुरेली से संबंधित उपभोक्ता एवं HT उपभोक्ता शुभ होण्डा, शाह स्टोन, फील स्पात, तिरूपति आदि संबंधित उपभोक्ता |
| 3. | 30.06.2025 | सोमवार | 33 केव्ही उमरिया फिडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र उमरिया, नवागाँव से संबंधित उपभोक्ता |
| 4. | 01.07.2025 | मगंलवार | 33 के.व्ही. बरतोरी फिडर | 33/11 के.व्ही. बरतोरी एवं कड़ार सब स्टेशन से संबंधित उपभोक्ता |
| 5. | 02.07.2025 | बुधवार | 33 के.व्ही. मंगल स्पंज फिडर | HT उपभोक्ता मंगल स्पंज आदि संबंधित उपभोक्ता |

# राष्ट्रहित में बिजली की बचत करें। # समय पर विद्युत देयक का भुगतान करें।
# दिद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि. बिलासपुर

संवाद-

# कोल इंडिया का कोकिंग कोयला उत्पादन मई में नौ प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोकिंग कोयले का उत्पादन मई में 8.7 प्रतिशत घटकर 45.3 लाख टन रहा है। हालांकि, सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। पिछले साल मई में सीआईएल का कोकिंग कोयले का उत्पादन 49.6 लाख टन था। अपने 'मिशन कोकिंग कोल' के तहत सरकार का लक्ष्य 2029-30 तक घरेलू कोकिंग कोयला उत्पादन को बढ़ाकर 14 करोड़ टन करने का है।



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/मप्र/कोरबा/भू.रा/25/202 दिनांक 17.06.2024

**आवश्यक सूचना**

इस पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की सराईपाली परियोजना हेतु निम्न भू-स्वामियों को नौकरी प्रदान करने की सूचना प्राप्त हुई है। जो इस प्रकार है :-

ग्राम- बुड़बुड़ :-

| Sl. No | Name of landowner and Acquired Plot No.&Area (as per certified by L&R Deptt, SECL HQ) | Acquired land (in Acres) | 3rd revised ADOL Sl. No./(No. of employments admissible | Name of person proposed for employment, DOB, education and relation with landowners | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | मनहरण/महेशराम<br>LA Act खसरा नं. 587/6घ<br>कुल रकबा- 0.50 एकड़ | 0.50 Acre | 253 (01 emply.) | Puspendra Kumar Sahu S/o Brij Bhushan Sahu<br>Relation with Land Owner- GrandSon (Maternal) /Daughter's son<br>Caste – Non ST (OBC)<br>D.O.B. – 11.08.1989<br>Education – 12th<br>Aadhar – 366750015799 | |

इस पत्र के माध्यम से ग्राम -बुड़बुड़ के उक्त भूमि की समस्त भू-स्वामियों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भू-स्वामियों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय-सीमा की समाप्ति उपरांत आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/68

महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महा.प्र./कुस./क्षेत्र/भू.रा./2025/315 दिनांक 13.06.2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम खोड़री के 120.959 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए.एक्ट (ए.एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें लागू सी.आई.एल.(आर.एण्ड आर.) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) Concept के आधार पर 113 भू-स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया हैं, जिसका विवरण अधो लिखित तालिकानुसार हैं:-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | रकबा (हे. में) | कुल रकबा (हे. में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीज सिंह | 32/2<br>34/2<br>89/2<br>171/3<br>177/2<br>200/4<br>223/1<br>318/1<br>327/2<br>327/4 | 0.291<br>0.121<br>0.348<br>0.154<br>0.121<br>0.057<br>0.939<br>0.097<br>0.004<br>0.040 | 2.172 | अश्वनी पिता बहारन सिंह (संबंध-पुत्री) | नामांकन पत्र | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुँवर बेवा तीज सिंह (फौत) | अश्वनी पिता बहारन सिंह | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीजसिंह (फौत) | अश्वनी पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र-2 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2017 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2022-23 | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर पति तीजसिंह | | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2016-17-2020-21 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2022-23 | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर पति तीजसिंह | | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | बहारनसिंह व. शंकर सिंह, तीजकुंवर व. तीजसिंह | --- | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीजसिंह | अश्वनी पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ---- | अश्वनी पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ---- | अश्वनी पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | --- | 10TH & ASHWANI D/O BAHARAN SINGH 12TH - ASHWANI D/O BAHARAN SINGH B.COM. - ASHWANI D/O BAHARAN | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ---- | ASHWANI D/O BAHARAN SINGH | |
| | | | | | | आधार कार्ड | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह | अश्वनी आत्मजा बहारन सिंह | |
| 1 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीज सिंह | 32/2<br>34/2<br>89/2<br>171/3<br>177/2<br>200/4<br>223/1<br>318/1<br>327/2<br>327/4 | 0.291<br>0.121<br>0.348<br>0.154<br>0.121<br>0.057<br>0.939<br>0.097<br>0.004<br>0.040 | 2.172 | राहुल कुमार पिता बहारन सिंह (संबंध-पुत्र) | नामांकन पत्र | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुँवर बेवा तीज सिंह (फौत) | राहुल कुमार पिता बहारन सिंह | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीजसिंह (फौत) | राहुल कुमार पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र-2 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2017 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2022-23 | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर पति तीजसिंह | | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2016-17-2020-21 | बहारनसिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर बेवा तीज सिंह | --- | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2022-23 | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तिज कुंवर पति तीजसिंह | | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | बहारनसिंह व. शंकर सिंह, तीजकुंवर व. तीजसिंह | --- | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह, तीज कुंवर बेवा तीजसिंह | राहुल कुमार पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ---- | राहूल कुमार पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ---- | राहूल कुमार पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | --- | 10TH & RAHUL KUMAR S/O BAHARAN SINGH | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ---- | राहूल कुमार पिता बहारन सिंह | |
| | | | | | | आधार कार्ड | बहारन सिंह पिता शंकर सिंह | राहुल कुमार पिता बहारन सिंह | |
| 1 | ना0 बा0 प्यारेलाल पिता जगत राम, बलि पालक मा बुधवाराबाई बेवा जगतराम | 25/1<br>32/1<br>32/3<br>34/1<br>96<br>171/1, 176<br>171/4<br>200/1, 209<br>200/5<br>251/1घ, 253/3<br>318/2<br>327/3 | 0.089<br>0.251<br>0.020<br>0.077<br>0.210<br>0.182<br>0.040<br>0.138<br>0.057<br>0.097<br>0.097<br>0.040 | 1.298 | प्यारेलाल पिता जगतराम (संबंध-स्वयं) | नामांकन पत्र | प्यारेलाल पिता जगतराम | प्यारेलाल पिता जगतराम | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | प्यारेलाल पिता जगतराम | प्यारेलाल पिता जगतराम | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र-10 | ना. बा. प्यारेलाल पिता जगत राम, बलि पालक मा बुधवाराबाई बेवा जगतराम | --- | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | ना. बा. प्यारेलाल पिता जगत राम, बलि पालक मा बुधवाराबाई बेवा जगतराम | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2017 | ना बा प्यारेलाल पुत्र जगत राम, पालक मा बुधवाराबाई बेवा जगतराम | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2022-23 | ना. बा. प्यारेलाल पुत्र जगत राम, बलि माँ बुधवाराबाई बेवा जगतराम | | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2016-17-2020-21 | ना. बा. प्यारेलाल पुत्र जगत राम, बलि माँ बुधवाराबाई बेवा जगतराम | --- | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2022-23 | ना. बा. प्यारेलाल पुत्र जगत राम, बलि माँ बुधवाराबाई बेवा जगतराम | | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | ना. बा. प्यारेलाल पिता जगतराम,बलि मा बुधवारा बाई बेवा जगतराम | --- | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | प्यारेलाल पिता जगतराम | प्यारेलाल पिता जगतराम | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ---- | प्यारेलाल पिता जगतराम | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ---- | प्यारे लाल पिता जगत राम | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | --- | 8TH - प्यारेलाल पिता जगतराम | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ---- | PYARELAL S/O JAGAT RAM | |
| | | | | | | आधार कार्ड | प्यारे लाल पिता जगत राम | प्यारे लाल पिता जगत राम | |
| 1 | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | 12/10<br>67/5<br>68/7<br>84/4<br>194/4<br>195/4<br>196/6<br>203/6<br>210/4<br>242/1क्ष<br>257/5<br>262/6<br>275/20<br>276/3 | 0.040<br>0.024<br>0.024<br>0.077<br>0.040<br>0.057<br>0.089<br>0.045<br>0.154<br>0.040<br>0.020<br>0.016<br>0.020<br>0.028 | 0.674 | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह (संबंध-स्वंय) | नामांकन पत्र | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र-44 | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2017 | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष 2022-23 | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2016-17-2020-21 | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 2022-23 | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | --- | |
| | | | | | | नामांतरण पंजी | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह कंवर | | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ---- | दिलबोध सिंह पिता स्व. बुधवार सिंह | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ---- | दिलबोध सिंह पिता स्व. बुधवार सिंह | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | --- | 5TH - दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ---- | DILBODH SINGH S/O BUDHWAR SINGH | |
| | | | | | | आधार कार्ड | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | दिलबोध सिंह पिता बुधवार सिंह | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/67

स्टाफ अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

## प्रथम पृष्ठ का शेष

## भारत के शुभांशु...

लिए उड़ान भरी, जिसका दुनिया भर के लोगों ने स्वागत किया। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित 'सिटी मोंटेसरी स्कूल' में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा, कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है।
लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर 'वापसी' को साकार करेगा। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे। शुक्ला ने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों; 41 साल बाद हम अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं, यह कमाल की राइड (यात्रा) थी। उन्होंने कहा, इस समय हम साढ़े सात किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा रहे हैं और मेरे कंधे पर मेरे साथ मेरा तिरंगा है जो मुझे बता रहा है कि मैं अकेले नहीं, (बल्कि) मैं आप सबके साथ हूं। शुक्ला ने कहा, ये मेरी आईएसएस तक की यात्रा की शुरुआत नहीं है, (बल्कि) यह भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है और मैं चाहता हूं कि आप सभी देशवासी इस यात्रा का हिस्सा बनें। आइए, हम सब मिलकर भारत की इस मानव अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत करें। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। स्पेसएक्स ने चालक दल को बताया, जो धैर्य रखते हैं उनके साथ अच्छी चीजें होती हैं। ग्रेस के पहले चालक दल को ईश्वर का आशीर्वाद मिले।

**कैनेडी स्पेस सेंटर से भरी उड़ान-**
स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। रॉकेट ने जैसे ही अंतरिक्ष में प्रवेश किया, भारत समेत दुनियाभर में इस ऐतिहासिक पल का जश्न शुरू हो गया। लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के माता-पिता और सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के छात्रों ने भी लाइव लॉन्च देखा और गर्व महसूस किया।

**साथ मौजूद हैं ये अंतरिक्ष यात्री-**
एक्सिओम मिशन में शुभांशु शुक्ला के साथ अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोस उजनांस्की-विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू भी शामिल हैं। यह मिशन इन तीनों देशों के लिए भी खास है, क्योंकि ये देश लंबे समय बाद अंतरिक्ष में मानव भेज रहे हैं।

**चावल और आम भी पहुंचे अतंरिक्ष-**
खास बात यह है कि इस मिशन में वैज्ञानिक प्रयोगों के अलावा अंतरिक्ष यात्री अपने-अपने देश की सांस्कृतिक झलक भी लेकर गए हैं। शुभांशु शुक्ला भारतीय करी, चावल और आम का रस लेकर गए हैं, जबकि हंगरी से स्पाइसी पपरिका पेस्ट और पोलैंड से फ्रीज-फ्राइड पिरोगीज अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। यह मिशन केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है।

**14 दिनों में क्या करेगी शुभांशु और उनकी टीम?-**
14 दिनों के दौरान शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम भारतीय सुपरफूड जैसे मूंग और मेथी, अल्गी (स्पाइरुलिना) और सूक्ष्म जीवों पर रिसर्च करेंगे। ये सभी प्रयोग भारत के वैज्ञानिकों ने तैयार किए हैं, साथ ही, शुक्ला मानव शरीर पर अंतरिक्ष के असर को लेकर भी अध्ययन करेंगे। वे अपने साथ 'जॉय' नाम का एक सफेद हंस जैसा खिलौना भी लेकर गए हैं, जो वहां शून्य गुरुत्व वाले माहौल को दिखाने में मदद करेगा। वह इस मिशन के दौरान छात्रों और लोगों से जुड़ने के लिए बातचीत भी करेंगे।

## ईरान अड़ा, ट्रंप ने...

कलीबाफ ने आईएईए की आलोचना की कि उसने रविवार को अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर किए गए हमले की निंदा भी नहीं की। कलीबाफ ने सांसदों से कहा, इस कारण से, ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन आईएईए के साथ सहयोग को तब तक निलंबित रखेगा जब तक कि परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती और ईरान का शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम तेज गति से आगे बढ़ेगा।अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए हमले किये थे। इस हमले के बारे में ट्रंप ने कहा है कि इससे ईरान का परमाणु कार्यक्रम /"पूरी तरह से नष्ट हो गया। पश्चिम एशिया के लिए ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने मंगलवार देर रात फॉक्स न्यूज पर कहा कि इजराइल और अमेरिका ने अब ईरान में संवर्धन क्षमता के पूर्ण विनाश के अपने उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है और वार्ता के लिए ईरान की शर्त - कि इजराइल अपना अभियान समाप्त करे भी पूरी हो गई है। नाटो शिखर सम्मेलन में, जब उनसे अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के बारे में पूछा गया, जिसमें पाया गया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल कुछ महीने पीछे धकेल दिया गया है, तो ट्रंप ने उपहास किया और कहा कि इसे फिर से खड़ा करने में वर्षों लगेंगे।
इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने बुधवार को कहा कि उनके देश का आकलन यह भी है कि ईरान की परमाणु सुविधाओं को काफी नुकसान पहुंचाया गया है और हमले से इसका परमाणु कार्यक्रम /"कई साल पीछे चला गया है।/" विटकॉफ ने 'फॉक्स न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप अब एक व्यापक शांति समझौते पर पहुंचना चाहते हैं जो संघर्षविराम से भी आगे तक जाए।" उन्होंने कहा, "हम पहले से ही एक दूसरे से बात कर रहे हैं, न केवल सीधे, बल्कि मध्यस्थों के माध्यम से भी। उन्होंने कहा कि बातचीत आशाजनक रही है और हम उम्मीद करते हैं कि हम दीर्घकालिक शांति समझौता कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य और ईरान के करीबी सहयोगी चीन ने भी बुधवार को अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी और प्रभावी संघर्षविराम हो सकता है। ईरानी तेल का चीन एक प्रमुख खरीदार है और उसने ईरानी सरकार का लंबे समय से राजनीतिक समर्थन किया है और नवीनतम संघर्ष शुरू करने और क्षेत्र को अस्थिर करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में संवाददाताओं से कहा कि संघर्ष के मद्देनजर, चीन पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए सकारात्मक कारकों को शामिल करने के लिए तैयार है। इजराइल के साथ युद्ध के दौरान, ईरान ने इजरायल के लिए जासूसी करने के आरोप में कई कैदियों को फांसी दी, जिससे सामाजिक कार्यकर्ताओं में यह डर पैदा हो गया कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और फांसी हो सकती है। इसने बुधवार को जासूसी के आरोप में तीन और कैदियों को फांसी दी, जिससे 16 जून से जासूसी के लिए फांसी की सजा की कुल संख्या छह हो गई।

## बड़ी रानी और...

4 घंटे तक हो हंगामा और तनाव की स्थिति बनी रही।
गौरतलब है कि सक्ती राजमहल में पिछले कुछ सालों से विवाद चला आ रहा है। यहां रह रही बड़ी रानी और राजा सुरेंद्र बहादुर के दत्तक पुत्र राजा धर्मेंद्र के साथ कई बार विवाद हो चुका है। इसी कड़ी में बुधवार 25 जून को 4 बजे के करीब एक बार फिर से यहां वाद विवाद और मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि वर्तमान में भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य राजा धर्मेंद्र जेल में हैं। इस दौरान बड़ी रानी के कुछ समर्थक यहां पहुंचे और उन्होंने महल में मौजूद राजा धर्मेंद्र के परिवार और समर्थकों से मारपीट शुरू कर दी।

## सीएम साय ने...

जन कल्याण के कार्यों में लगा हुआ है। स्वर्गीय मित्रसेन सिंधू और माता परमेश्वरी देवी ने पूरा जीवन समाज के कल्याण के कार्य किए, जिन्हें कभी भी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ईश्वर माता परमेश्वरी देवी को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

## कुख्यात नक्सली...

फर्ज निभाया। कैम्प में तैनात जवान न केवल शादी में शामिल हुए, बल्कि बेटी की विदाई के वक्त भी साथ खड़े रहे। नेग दिए, ग्रामीणों के साथ नाचे और खुशियां बांटी। बताया जा रहा है कि गांव की एक बेटी की शादी के मौके पर जब उसकी विदाई का समय आया, तो परिजन और ग्रामीण नवविवाहित दुल्हन को जंगल स्थित कैंप में तैनात सीआरपीएफ की 150 वीं बटालियन के जवानों से मिलवाने पहुंचे। जैसे ही दुल्हन कैंप में पहुंची तो जवानों ने उसका स्वागत किया और रस्म अदायगी की।

## भाजपा सांसद-विधायक...

शिविर में सांसदों-विधायकों और मंत्रियों को भाजपा के सुशासन और पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही भाजपा की यात्रा पर फोकस होगा। जन प्रतिनिधियों को यह बताया जाएगा कि पार्टी ने शून्य से शिखर तक का सफर किस तरह हासिल किया। हर दिन अलग-अलग सत्र होंगे जिसमें संगठन, सरकार से जुड़े वरिष्ठ नेता जन प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करेंगे। भाजपा पार्टी पदाधिकारियों और राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जन प्रतिनिधियों के लिए लगातार कार्यक्रमों को आयोजन कर रही है। तीन दिन के आयोजन में अलग-अलग सत्रों में पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के पदाधिकारी अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही सरकार के कार्यों को लेकर लोगों तक कैसे पहुंचाए इसकी जानकारी देंगे।

## कैबिनेट में प्रस्ताव...

करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को बलपूर्वक कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।
आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। उन्होंने कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले वर्ष घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था।

**निर्दोष लोगों को अत्याचारों का सामना करना पड़ा!-**
कैबिनेट के प्रस्ताव में कहा गया कि आपातकाल के पहले और उसके दौरान देशभर में लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हुआ, नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीना गया और कई निर्दोष लोगों को अत्याचारों का सामना करना पड़ा. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी केंद्रीय मंत्रियों ने आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा. सभी मंत्री खड़े होकर मौन में शामिल हुए।

## आपातकाल को याद...

उन्होंने बताया कि उनके बड़े पिताजी स्व. नरहरि प्रसाद साय आपातकाल के दौरान 19 माह तक जेल में रहे। उस समय लोकतंत्र सेनानियों के घरों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, कई बार घर में चूल्हा तक नहीं जलता था। ऐसे अनेक परिवारों को मैंने स्वयं देखा है। उन्होंने कहा, निरंकुश सत्ता ने उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल दिया था, नागरिक अधिकार छीन लिए गए थे। वास्तव में, वह लोकतंत्र का काला दिन था, जिसका दंश हमारे परिवार ने झेला है और जिसे मैंने स्वयं जिया है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानी परिवारों के सदस्यों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए।
यह भारता लोकतांत्रिक चेतना

**को समाप्त करने का सुनियोजित प्रयास था- डॉ. रमन-**
विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, भारत के संविधान और लोकतंत्र पर आपातकाल एक ऐसा कलंक है, जिसे इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज किया गया है। आपातकाल थोपकर न केवल संविधान को निष्क्रिय कर दिया गया, बल्कि मौलिक अधिकारों को समाप्त कर लोकतंत्र की आत्मा को कुचल दिया गया। उन्होंने कहा, उस समय देश को एक खुली जेल में बदल दिया गया था, जिसमें भय और आतंक का वातावरण था। एक लाख से अधिक लोगों को बिना न्यायिक प्रक्रिया के जेलों में बंद कर दिया गया और उन्हें यातनाएं दी गईं। यह केवल राजनीतिक दमन का दौर नहीं था, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक चेतना को समाप्त करने का सुनियोजित प्रयास था। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आपातकाल के विषय में शोध करें, पढ़ें और समझें कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए कितने लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

## आपातकाल के इतिहास...

युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे आपातकाल के इतिहास को जानें, पढ़ें और समझें कि किस प्रकार उस कालखंड में संविधान को कुचला गया था। लोकतंत्र को जीवित रखने और सशक्त करने के लिए जन-जागरूकता और सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।

## सप्लायर ने लॉक कर...

मजबूरन मरीजों को अपनी जांच निजी क्लिनिक में करानी पड़ रही है। बता दें कि स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा निजी कम्पनी से अनुबंध कर सीबीसी मशीनों की सप्लाई कराई गई थी। इन आधुनिक मशीनों के माध्यम से कुछ ही देर में मरीज के रक्त जांच की रिपोर्ट उसके हाथ में मिल जाती थी बाद में अचानक जिले की अनेकों मशीने बंद हो गई। इसे लेकर अब जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक प्रदेश भर में सीबीसी मशीन सप्लाई करने वाली कंपनी और शासन के बीच री-एजेंट सप्लाई को लेकर विवाद चल रहा है और इस विवाद के कारण ही कंपनी के लोगों ने लौटते समय ज्यादातर मशीनों में अपना पासवर्ड डालकर लॉक कर दिया है।

**राज्य स्तर पर होगी पहल-**
सीबीसी मशीनों के बंद होने की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री के सरगुजा दौरे के समय सामने आई थी। कंपनी मशीनों को लॉक करके चली गई। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सरकार इसपर निर्णय लेगी। यह प्रक्रिया राज्य स्तर पर चल रही है।
**डॉ. अनिल शुक्ला**
संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

## मारा गया विंग कमांडर...

जवान लांस नायक जिबरान भी मारा गया। जबकि पाकिस्तान की सेना ने टीटीपी के 11 लड़ाकों को मारने की पुष्टि की है। पाकिस्तानी सेना ने अपने एक हालिया बयान में यह जानकारी दी। मेजर अब्बास मूलरूप से पाकिस्तान के चकवाल का रहने वाला था और वह पाक सेना की स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) का अधिकारी था।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425



शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** CASE-770 लोडर मशीन तिफरा बिलासपुर लोकल में चलाने हेतु दैनिक वेतन पर ऑपरेटर कि आवश्यकता है सम्पर्क करें- रविंद्र पाटनवार 97533 11111 (38097)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में काम करने के लिए आफिस बॉय (Peon) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सांई बाबा पैकेजिंग लैण्डमार्क कॉम्पलेक्स करबला रोड बिलासपुर 7828139997 (38094)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर हार्डवेयर शॉप में जो कम्प्यूटर हार्डवेयर फ्री में सीखना चाहते है टोटल प्रेक्टीकल और सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले लड़कों की। सम्पर्क- सोना कम्प्यूटर जैन प्लाजा सीएमडी चौक बिलासपुर 9827159612 (3174)

**आवश्यकता है-** नेको, इस्पात पावर प्लांट रायपुर में ग्रुप D, जनरल मजदूर एवं ITI होल्डर इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, टर्नर, फीटर चाहिए। योग्यता 5वीं से ग्रेजुएट, वेतन 15000 से 22000 रहना फ्री पता- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस, वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 9827618359, 6263900911 (38095)

**आवश्यकता है-**कॉस्मेटिक दुकान में काम करने हेतु लड़कों,लड़कियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर (बीजी साफ्टवेयर जानकार) की आवश्यकता है पेमेंट भरपूर दिया जाएगा सम्पर्क करें-नैतिक ट्रेडर्स 7711006641 (37963)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए (लड़के एवं लड़कियों) की आवश्यकता है वेतन 8000 सम्पर्क करें- गुप्ता अम्ब्रेला खोवा मण्डी हनुमान मंदिर के पास गोल बाजार बिलासपुर (38096)

**आवश्यकता है-** महिला/ लड़की कर्मचारी की आवश्यकता है (2वर्ष की बच्ची की देखभाल हेतु) सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से 11बजे तक, मित्र विहार कालोनी, नारायण प्लाजा के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर 7828145060 (38090)

**आवश्यकता है-**जनरल स्टोर/ सुहाग भण्डार में काम करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- राजा गिफ्ट, वसंत विहार गेट के पास, मेन रोड, बिलासपुर 7974506747 (429)

**आवश्यकता है-**ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेंसशुदा, मेहनती, नशामुक्त ड्राइवर (वेतन 8000 योग्यतानुसार) ऑफिस मैनेजर वर्क, साइड, रजिस्ट्री, राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (38016)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

**आवश्यकता है-**नर्सरी से 12वी तक पढ़ाने हेतु अनुभवी/फ्रेशर शिक्षिकाओं एवं सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9 से 2बजे तक संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने उसलापुर 7440549466, 7898096236 (426)

**आवश्यकता है-**छाता फैक्ट्री में रहकर काम करने हेतु 3 लेबर चाहिए। फटाका दुकान में मिलने का समय- दोपहर 1बजे से शाम 4बजे। पता- Elite हॉस्पिटल के सामने व्यापार विहार बिलासपुर 79995 30880 (38081)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु टेलीकालिंग महिलाओं एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन सैलरी योग्यता अनुसार 10000 से 20000 तक पता मन्दिर चौक बिलासपुर 075870 27996 (0022)

**आवश्यकता है-**आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार लड़के, लड़कियां, महिला, पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाए फन्ड+ बोनस सम्पर्क करें- 8929595380 (982)

**आवश्यकता है-**अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 725 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली वन सिपाही सैलरी 27500 से 62500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, मार्क शीट फोटो व्हाट्स एप करे-धीरेंद्र कुमार 7392890179 (985)

**आवश्यकता है-**फील्ड साइड मैनेजर, कम्प्यूटर कार्य एवं हिन्दी टाइपिंग तथा ऑफिस वर्क हेतु लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000741112, 6267249741 (38088)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक फर्नीचर शोरूम में सेल्स मेंटेनेंस हेतु लड़कों की आवश्यकता है। 8वीं, 10वीं, 12वीं पास वाले सम्पर्क करें- सुधा सेल्स सत्या शोरूम के बाजू में नूतन चौक सरकण्डा बिलासपुर 9827497999 (38054)

**आवश्यकता है-**अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग के लिए अनुभवी लड़के की आवश्यकता है सैलरी/ कमीशन सम्पर्क करें- 9699991449 (37830)

**आवश्यकता है-**महिला-PA, ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, Email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), आफिस साफ सफाई चाय, पानी पुरुष-मेडिकल मशीन की मार्केटिंग एवं सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक एवं TKR, THR Joints सर्जरी कराने, ड्राइवर Ecco I-10, Nexon चलाने वेतन 8000-30000 पता-भारत मेडिकल सिस्टम MIG-70 नेहरू नगर, बिलासपुर 9326609234 (430)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में टैली कॉलिंग कार्य हेतु महिलाओं/ लड़कियों की आवश्यकता है, (सैलरी+ कमीशन), योग्यता- 8वी से ग्रेजुएट, संपर्कः- CMO ऑफिस के पास सरकंडा बिलासपुर 8827828446, 8827552921 (133)

**आवश्यकता है-**Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियां, गृहणियां कमाएं 15000 से 45000/- महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 9204441270 (984)

**आवश्यकता है-** लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 22500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 09211591851 (991)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र, छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000/- (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000- 25,000/- संपर्कः- 8815522974, 78692 96951 (135)

## बेचना है

**बेचना है-** 2BHK नवनिर्मित रेडी पोजीशन मकान एवं 1800 sqft का प्लाट TNC Colony Om Space सकरी, बिलासपुर में बेचना है। सम्पर्क करें- M/s Ghosh Associates 98933 86286, 9827875257 (38091)

**बेचना है-** खमतराई अशोक नगर प्रत्यक्षा विहार में रोड से लगा डायवर्टेड प्लाट साईज 65x34 फ्रन्ट का प्लाट बेचना है संपर्क करें 8103358290 (38089)

**बेचना है-**जूनाबिलासपुर डबल स्टोरी ग्राउण्ड 214+ फर्स्ट फ्लोर 214 वर्गफुट निर्मित मेन रोड दुकान 86लाख एवं प्रताप टॉकीज चौक के पास 9×6 दुकान, 10×10 पार्किंग, 25लाख। सम्पर्क- राजेश श्यामनानी 9827168452, 9300625174 (432)

**बेचना है-**ग्राम छटन (दामापुर) मुंगेली में नदी से लगी ईट भट्ठी हेतु कछार जमीन बेचना है जिसका रकबा 4 एकड़ 13 डिसमिल है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 94242 27287, 9827405702, 9827150114 (38083)

**बेचना है-**हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

## किराया

**किराया-**Nehru Nagar 100 feet Smart Road में सर्व सुविधा युक्त 2000 sqft का हॉल आफिस, बैंक या कोचिंग क्लास के लिए उपयुक्त किराए से देना है सम्पर्क करें- 7000370264 (37849)

**किराया-**महावीर सिटी राजकिशोर नगर स्थित सर्व सुविधा युक्त स्वतंत्र 2BHK मकान किराए से देना है शासकीय/ अर्धशासकीय कर्मचारियों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9425557903, 9424164634 (119)


## व्यापार

**व्यापार-**जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000-50000 प्रतिमाह आमदनी जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर- 83599 13999,9589288936 रायगढ़ अंबिकापुर, कोरबा 98260 20603 (080)




## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- **जिला कार्यालय कोरबा:-** बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- **जिला कार्यालय मुंगेली:-** थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# विश्वकप जीत के 42 साल : वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट की कामयाबी की नींव रखी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो। कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे । उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी।


### टूर्नामेंट में यशपाल ने सर्वाधिक 240 रन बनाए

टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था ,'' जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है , मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं । मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है । वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी । ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था । मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था ।''

### द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था ,'' वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं ।'' द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं ।

चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसे ली थी



### हम हर रोज संपर्क में रहते हैं: गावस्कर

भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है। गावस्कर ने कहा ,'' हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही ।''

### माल्या ने 25वीं सालगिरह पर किया था समारोह का आयोजन

विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्ड्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था । फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका ।

### इस साल जश्न श्रृंखला के कारण रोका गया

गावस्कर ने कहा ,'' हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन श्रृंखला चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा । दो साल पहले अहमदाबाद में अडाणी समूह ने टीम को सम्मानित किया था ।'' भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में कहा था ,'' 1983 बहुत बड़ी बात थी ।

### जीत से जुड़े कई हिस्से बने किवदंतियां

कपिल देव, संधू, मदन लाल, रोजर बिन्नी, संदीप पाटिल को लॉडर्स पर देखना बहुत बड़ी बात थी । इससे हमें क्रिकेट खेलने की प्रेरणा मिली ।'' उस जीत से जुड़े कई किस्से क्रिकेट की किवदंतियों में शामिल है । ऐसा कहा जाता रहा है कि कपिल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ जब 175 रन की नाबाद पारी खेली थी तब बीबीसी कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से उसकी कोई वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है ।

### बीबीसी ने इंग्लैंड व पाक मैच का किया था प्रसारण

मशहूर पत्रकार गुलू इजेकील ने हालांकि अपनी किताब ' मिथ बस्टर्स' में लिखा कि 18 जून 1983 को बीबीसी ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड और पाकिस्तान तथा लॉर्ड्स पर वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया के मैच का प्रसारण किया था । बीबीसी को भारत और जिम्बाब्वे का मैच उतना महत्वपूर्ण नहीं लगा ।

---

## खबर संक्षेप



### काश मैने बेहतर प्रदर्शन किया होता : नीरज

**ओस्ट्रावा।** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85 . 29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता । जीत के बाद उन्होंने कहा ,'' मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता ।''उन्होंने कहा ,'' मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था । मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा । आज वह सपना सच हो गया है ।''नीरज ने हालांकि कहा ,'' मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है ।

## 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' : दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा मैच

# शार्दुल के प्रदर्शन से टीम निराश, दूसरे टेस्ट में कुलदीप को मिल सकती है जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा।

दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

### शार्दुल की गेंदों में धार नहीं थी

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।



### स्पिनरों की मदद के लिए कुलदीप की मांग

इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

### कुलदीप को टीम में होना चाहिए : वेंगसरकर

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने कहा, ''कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है।' इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं।

## चार देशों के टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर टीम तीसरे स्थान पर



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया।

अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और शुरुआती दो क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने अंततः तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम हालांकि अधिक समय तक जश्न नहीं बना सकी क्योंकि पांच मिनट बाद ही रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने इसके बाद अंतिम क्वार्टर में अजीत के गोल से बढ़त बनाई और जीत सुनिश्चित की।

### पूल में भारत की करारी हार से शुरूआत

पूल चरण में भारत ने मेजबान जर्मनी के खिलाफ 1-7 की करारी हार के साथ शुरूआत की थी लेकिन अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर वापसी की। टीम को अपने अंतिम लीग मैच में स्पेन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना करना पड़ा।




Product shown in the picture may vary from the actual products available in the market. All features and colours may not be part of all variants. Accessories shown in the pictures are not part of standard equipment. For creative visualisation only. *Terms & Conditions Apply
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा- 07752 -409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा- 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा-7024149881, 07752-412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा- 07752 -417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा- 7489027000, जसवानी होंडा- 8358063000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा- 7000405012 , जांजगीर-चांपा: गट्टानी होंडा - 7694011205, कोरबा: विशाल होंडा- 07759-222509, कृष्णा होंडा- 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा - 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा - 9300473589, शांति ऑटो होंडा - 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा - 9131402454, 8649933333

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy

# पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता को दी विनम्र श्रद्धांजलि

## सिंधु आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति व्यक्त की संवेदनाएं




**रोहतक।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत कई नेताओं ने हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री बुधवार को कैप्टन अभिमन्यु के रोहतक स्थित सिन्धु आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालयान, पूर्व मंत्री संपत्त सिंह, पूर्व मंत्री जगदीश नायर, विधायक उमेद पातुवास, विधायक मुकेश पहलवान, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, पूर्व मंत्री जगदीश यादव, पूर्व मंत्री देवेंद बबली, विधायक राई कृष्णा गहलौत, पूर्व सांसद राजस्थान ज्योति मिर्धा, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ चरण दास महंत, विधायक छतीसगढ़ रिकेश सेन, पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग, पूर्व विधायक प्रवीन डागर, विधायक असंध योगेंद्र राणा, विधायक कैथल आदित्य सुरजेवाला, विधायक मंजीत चौधरी राजस्थान, आईएएस किरण कौशल छतीसगढ़ भी माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

## हरियाणा विस अध्यक्ष ने अभिमन्यु की माता के निधन पर प्रकट किया शोक

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक प्रकट किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने सिंधु भवन पहुंचकर दिवंगत परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सिंधु भवन पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



**प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री ने भी पूर्व वित्तमंत्री की माता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया :** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता दिवंगत परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया तथा सिंधु भवन पहुंचकर दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक से पीड़ित परिवार को इस दुःख की घड़ी से उबरने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि दिवंगत परमेश्वरी देवी की सबसे बड़ी देन यही है कि उनके परिवार में 90 से अधिक सदस्य होने के बावजूद भी सिंधु परिवार एक छत के नीचे रह रहा है तथा परिवार की सांझा रसोई चल रही है। दिवंगत परमेश्वरी देवी ने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए।

## नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- विधानसभा अध्यक्ष हरियाणा हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि माता जी एक बहुत धनी व्यक्तित्व की मालिक थी जिनके दिए हुए सस्कारों से कैप्टन अभिमन्यू ने समाज में एक बड़ा स्थान हासिल किया है तथा राजनीतिक क्षेत्र में एक बड़ा नाम कमाया है। माता जी को मेरे व मेरे परिवार की ओर से भावपूर्ण व विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। प्रभु उनको अपने ती चरणों में स्थान दे, ऐसी कामना है।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी जैसे महान व्यक्तित्व कभी कभी ही दुनिया में आते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनकल्याण को समर्पित कर समाज को नई राह दिखाई। उनके दिए संस्कारों की वजह से परिवार ने तरक्की की है। उनके जाने की भरपाई कभी नहीं हो सकती।
- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी और स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी ने जीवन भर मेहनत करके परिवार को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे कर्मों पर चलने के लिए प्रेरित किया और अच्छे संस्कार दिए। उनकी प्रार्थना है ईश्वर माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान दे।
- बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपना जीवन बहुत ही सादगी से बिताया। उनके दिए संस्कार की झलक परिवार में दिखाई देती है। वे माता जी को श्रद्धांजलि देते हैं और प्रार्थना करते है कि ईश्वर माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान दे।
- बबीता फौगाट ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने पूरे परिवार को संजो कर रखा। यह पूरे समाज के लिए बहुत ही बेहतरीन उदाहरण है। माता जी ने अपना जीवन सदैव दूसरों की मदद करने और जन कल्याण के कार्यों में बिताया।

# आसमान में उड़ता दिखेगा 'आयरनमैन' वैज्ञानिकों ने कर दिया कमाल



**रोम।** इटली के वैज्ञानिकों ने एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया है। वैज्ञानिकों ने उड़ने वाला रोबोट बनाया है और इसका सफल परीक्षण भी किया है। इसे आयरन क्यूब3 कहा जाता है। यही पहली बार है जब मनुष्यों की तरह दिखने वाले रोबोट का परीक्षण किया गया है। इसे बनाने और सफल परीक्षण करने में वैज्ञानिकों को लगभग 2 साल का समय लगा।

**उड़ने में माहिर:** रिपोर्ट के मुताबिक यह जमीन से लगभग 50 सेमी ऊपर उड़ता हुआ दिखाई दिया। स्टंट की दुनिया में यह एक बड़ा कदम है, क्योंकि ये रोबोट चल और उड़ दोनों सकता है। यह चार मिनी जेट इंजन के द्वारा संचालित किया गया है। इसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह भविष्य में उड़ने वाले रोबोट के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है और यह मनुष्यों की तरह काम कर सकता है। साथ ही जरूरत पड़ने पर ये उड़ान भरने में भी सक्षम है। इसे इटली के जेनोआ में आईआईटी रोबोटिक्स ने मिलान के पॉलिटेक्निक में डीएईआर एरोडायनामिक्स प्रयोगशाला में एलेक्स ज़ानोटी की टीम के साथ मिलकर काम करने के बाद बनाया गया है।

**बेबी की तरह है फेस:** विओन की रिपोर्ट के मुताबिक इस रोबोट का फेस देखने में बिल्कुल बेबी की तरह लग रहा है। जिसकी काफी ज्यादा चर्चा हो रही है। बता दें कि 18 जून को इटैलियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने यूट्यूब पर जारी किए गए वीडियो में यह रोबोट उड़ता हुआ दिखाई दिया।

### क्या है प्लान

इस रोबोट को विकसित करने की वजह है कि रोबोट को आपदा और खतरनाक क्षेत्रों में भेजना है। साथ ही साथ मानव जीवन के जोखिमों को कम करना है। हालांकि आयरनक्यूब3 को ऐसा करने के लिए तैयार होने से पहले एक लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा. इस रोबोट की लंबाई 3 मीटर है और पूरे रोबोट का वजन लगभग 70 किलोग्राम है।

# 10,500 साल पहले कैसे दिखते थे हमारे पूर्वज? डीएनए ने बताई सच्चाई

**विज्ञान का चमत्कार!**



**ब्रुसेल्स।** वैज्ञानिकों ने डीएनए की मदद से 10, 500 साल पुरानी महिला का चेहरा बनाने में कामयाबी हासिल की है। गेंट विश्वविद्यालय के रिसर्चर्स ने प्रागैतिहासिक बेल्जियम की महिला का चेहरा बनाया जो मीयूज घाटी में 10 हजार 500 साल पहले रहती थी। मार्गॉक्स गुफा में 1988 में मेसोलिथिक महिला के अवशेष पाए गए थे जो डिनैंट के करीब थे। **आंखों का अनोखा रंग :** डीएनए के अध्ययनों से पता चलता है कि इस मार्गो महिला की आंखों का रंग नीले रंग की थीं। हालांकि, पश्चिमी यूरोप में अब तक जांचे गए ज्यादातर मेसोलिथिक लोगों की तुलना में उनका रंग कुछ हल्का था। इस शोध के प्रमुख डॉ. मैते रिवोलैटे के अनुसार यह जानकारी बहुत छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण है। चेहरे को दोबारा बनाना शारीरिक और पुरातात्विक डाटा को मिलाकर संभव हुआ है। **किसने क्या कहा :** गेन्ट यूनिवर्सिटी के पुरातत्वविद् इसाबेल डी ग्रूटे ने बताया कि ये म्यूज महिला चेडर मैन की जातीयता से ताल्लुक रखती थी, जो उस समय यूनाइटेड किंगडम में रहती थी। ग्रूटे ने कहा कि, इस खोपड़ी से हम यह अंदाजा लगा सकते हैं कि वह 35 से 60 वर्ष की रही होंगी। यूनिवर्सिटी के पुरातत्वविद् फिलिप क्रॉम्बे ने कहा कि महिला की खोपड़ी से काफी अच्छी क्वालिटी का डीएनए निकाला गया। जिससे इस दोबारा बनाना आसान था।

# रूपे डेबिट एवं केसीसी कार्ड से आहरण लिमिट बढ़ी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छग राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी केदार नाथ गुप्ता को-आपरेटिव्ह बैंकों के माध्यम से किसानों तथा हितग्राहियों की सुविधाओं में विस्तार करने लगातार अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। अपेक्स बैंक में उच्च अधिकारियों की बैठक में कोर बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की गई।

प्रदेश के सभी को-आपरेटिव्ह बैंकों को कोर बैंकिंग के साथ ग्राहकों को मोबाइल बैंकिंग तथा यूपीआई भुगतान की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रदेश के किसानों को रूपे डेबिट कार्ड एवं रूपे केसीसी कार्ड के माध्यम से राशि आहरण की सुविधा को 25 हजार से बढ़ाकर 40 हजार तक कर दिया गया है। वहीं माइक्रो एटीएम से पहले किसान 10 हजार राशि निकाल सकते थे।

अब एक दिन में 10 हजार की लिमिट को बढ़ाकर 20 हजार आहरण की सुविधा प्रदान कर दी गई है। सहकारी बैंकों के 19. 72 लाख किसान ऋणी सदस्य हैं। इनमें से 11.77 लाख किसानों को रूपे डेविट/ रूपे केसीसी कार्ड वितरित किया गया है। केदार नाथ गुप्ता ने अधिकारियों से निर्देशित किया कि शेष 7.95 लाख किसानों को शिविर लगाकर रूपे डेबिट कार्ड तथा रूपे केसीसी कार्ड वितरित किया जाए।

### अब 30 तक हो सकेंगे तबादले

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब 30 जून तक तबादले हो सकेंगे। सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इससे पहले सरकार ने नई तबादला नीति जारी करते हुए 14 से 25 जून तक स्थानांतरण पर प्रतिबंध को शिथिल किया था। अब इसे 30 जून तक आगे बढ़ाया गया है। जिला स्तर, शासन स्तर पर जारी स्थानांतरण आदेश तथा क्रियान्वयन की स्थिति को 30 जून तक संबंधित जिला या विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। स्थानांतरण नीति की शेष शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




# राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में उपलब्ध सामरिक एवं रणनीतिक महत्व के खनिजों के सुव्यवस्थित अन्वेषण एवं दोहन के संबंध में राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में एकदिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के सचिव एवं खनिज संसाधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से परिपूर्ण एक समृद्ध राज्य है, जहां 28 प्रकार के प्रमुख खनिज जैसे कोयला, चूना पत्थर, डोलोमाइट, लौह अयस्क, बाक्साइट, टिन अयस्क के साथ लीथियम, कोबाल्ट तथा रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे सामरिक एवं परमाणु महत्व के खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल प्रोग्राम ऑन एक्सप्लोरेशन स्ट्रैटेजी तथा नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित प्रयासों को और अधिक गति प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा राज्य में रणनीतिक खनिज परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कदम उठाना है। इस कार्यशाला का आयोजन खनिज संसाधन विभाग तथा छत्तीसगढ़ भूविज्ञान एवं खनन संचालनालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसका उद्देश्य भारत की क्रिटिकल मिनरल्स क्षमता के समुचित दोहन हेतु वैज्ञानिक अन्वेषण तकनीकों को प्रोत्साहित करना, प्रस्ताव प्रस्तुतिकरण प्रणाली को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना तथा राष्ट्रीय स्तर की रणनीतिक अन्वेषण नीतियों मंप राज्य की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के रविकांत गुप्ता ने छत्तीसगढ़ की भूवैज्ञानिक विशेषताओं एवं ओजीपी क्षेत्रों की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के भुवनेश्वर कुमार ने लीथियम, कोबाल्ट, ग्रेफाइट, निकल, टंगस्टन, फॉस्फेट जैसे खनिजों की खोज हेतु आधुनिक भू-भौतिकीय एवं भू-रासायनिक तकनीकों पर आधारित प्रस्तुति दी, जिससे अधिकारियों को नवीनतम विधियों की जानकारी प्राप्त हुई। एनएमईटी से अक्षय वर्मा ने प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया, वित्तीय सहायता एवं अनुदान नीतियों की जानकारी साझा करते हुए एनएमईटी के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया और राज्य की अधिक सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।




# नए सीएस की नियुक्ति जल्द

हरिभूमि न्यूजःरायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा है कि राज्य में नए मुख्य सचिव (सीएस) की नियुक्ति जल्द की जाएगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव, भारतीय प्रशासनिक सेवा 1989 बैच के अधिकारी अमिताभ जैन 30 जून को अपने पद से रिटायर हो जाएंगे। उनके बाद राज्य का अगला मुख्य सचिव कौन होगा, इसकी अटकलें कई दिनों से चल रही हैं। नौकरशाही में दिलचस्पी रखने वाले कई लोग इंतजार में हैं कि राज्य का अगला सीएस कौन होगा।

### ये हो सकते हैं नए सीएस

छत्तीसगढ़ में इस वक्त 1991 बैच की अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, 1992 बैच के सुब्रत साहू 1994 बैच की ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ इस वक्त छत्तीसगढ़ में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं 1993 बैच के अमित अग्रवाल, 1994 बैच की निधि छिब्बर, विकासशील प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश से बाहर सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ की स्वाभाविक दावेदारी सबसे अधिक प्रबल है।

### सबसे लंबा कार्यकाल अमिताभ जैन के नाम

अमिताभ जैन वरिष्ठ आईएएस हैं और रायपुर जिले के कलेक्टर से लेकर मुख्य सचिव के पद पर पहुंचे हैं। इस बीच उन्होंने कई वरिष्ठ पदों पर अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक किया है। यही नहीं, वे साफ-सुथरी छवि वाले एक कर्मठ अधिकारी भी माने जाते हैं। श्री जैन 30 नवंबर 2020 से मुख्य सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वे इसी माह 30 जून को रिटायर होंगे। लेकिन खास बात ये है कि पिछले पांच साल से श्री जैन लगातार मुख्य सचिव के रूप में सेवा देने वाले अकेले अधिकारी हैं। राज्य गठन के बाद अब तक 12 सीएस हुए हैं, सबसे लंबा और सफल कार्यकाल अमिताभ जैन के नाम दर्ज है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com